सोमवार, 17 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 19 – 29 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 5:50 | सूर्यास्त: 16:52 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : ख़ुश रहने के लिए, हमें दूसरों के बारे में अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए।



दक्षिण अफ्रीका की भारतीय धरती पर 15 साल में पहली जीत पृष्ठ 8

# अंतरिक्ष यान निर्माण को तीन गुना करेगा इसरो, 2028 में चंद्रयान-4 का प्रक्षेपण होगा: अध्यक्ष

**कोलकाता :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया है कि इसरो ने इस वित्त वर्ष में सात और प्रक्षेपणों की योजना बनाई है और भारत का पहला मानव अंतरिक्ष यान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2027 में ही भेजा जाएगा। नारायणन ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में कहा कि इसरो विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं उद्योग क्षमता में तेजी से विस्तार के चरण की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसरो चालू वित्त वर्ष के अंत से पहले सात और



प्रक्षेपणों का लक्ष्य लेकर चल रहा है जिनमें एक वाणिज्यिक संचार उपग्रह और कई पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) एवं जीएसएलवी (भू तुल्यकाली उपग्रह प्रक्षेपण यान) मिशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान पूरी तरह से भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित पहले पीएसएलवी का प्रक्षेपण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो प्रमुख ने कहा कि सरकार ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है जिसे चंद्र नमूना-वापसी मिशन के रूप में डिजाइन किया गया है और यह भारत का अब तक का सबसे जटिल चंद्र अभियान होगा। उन्होंने कहा, ''हमने चंद्रयान-4 के लिए 2028 का लक्ष्य रखा है।'' एक अन्य प्रमुख मिशन 'लूपेक्स' है जो जाक्सा (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) के साथ किया जाने वाला संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण कार्यक्रम है। नारायणन ने कहा कि इसरो मिशन के कारण बढ़ती मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए अगले तीन साल में अपने वार्षिक अंतरिक्ष यान उत्पादन को तिगुना करने पर भी काम कर रहा है। चंद्रयान-4 चंद्रमा से नमूने वापस लाने का प्रयास करेगा। यह एक ऐसी क्षमता है जिसका प्रदर्शन अभी तक केवल अमेरिका, रूस और चीन ने ही किया है। लूपेक्स का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ का अध्ययन करना है। नारायणन ने कहा कि इसरो ने एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन पर काम शुरू कर दिया है जिसे 2035 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा, ''पांच मॉड्यूल में से पहला 2028 तक कक्षा में स्थापित कर दिया जाएगा।'' इस प्रयास से भारत अंतरिक्ष स्टेशन संचालित करने वाला तीसरा प्रमुख देश बन जाएगा।

# दिल्ली विस्फोट : 'आत्मघाती हमलावर' डॉ.उमर के साथ 'साजिश' में संलिप्त कश्मीरी युवक गिरफ्तार



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दिल्ली में लाल किला के नजदीक बम विस्फोट मामले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'आत्मघाती हमलावर' डॉ.उमर उन नबी के साथ आतंकी हमले को अंजाम देने की साजिश में कथित तौर पर शामिल रहे कश्मीर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विस्फोट में इस्तेमाल कार आमिर राशिद अली के नाम पर पंजीकृत थी और उसे (आमिर को) दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस से मामला अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा निवासी आरोपी ने आत्मघाती हमलावर उमर के साथ मिलकर आतंकी हमला करने की साजिश रची थी। संघीय एजेंसी ने कहा कि आमिर कथित तौर पर कार की खरीद में मदद करने के लिए दिल्ली आया था, जिसका इस्तेमाल अंततः विस्फोट को अंजाम देने के लिए 'वाहन-जनित संवर्धित विस्फोटक उपकरण'(आईईडी) के रूप में किया गया था। यह पहली बार है जब जांच एजेंसी ने डॉ. उमर उन नबी को 'आत्मघाती हमलावर' बताया है। 10 नवंबर को लाल किले के पास जिस कार में धमाका हुआ था नबी उसे चला रहा था। इसके अलावा, एनआईए ने पहली बार कार के लिए 'वाहन-जनित आईईडी' शब्द का इस्तेमाल किया है।

## लाल किला विस्फोट स्थल के पास नौ एमएम की गोलियां मिली, गहन जांच में जुटी पुलिस

सुरक्षा एजेंसियां लाल किला विस्फोट स्थल के पास मलबे से बरामद नौ एमएम पिस्तौल के दो कारतूस और एक खोखे की जांच कर रही है। एक सूत्र ने रविवार को यह जानकारी दी। ये दो कारतूस और खोखा उस हुंदै आई20 कार के पास मिले थे, जिसमें 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोट हुआ था। इस घटना में 13 लोग मारे गए और दो दर्जन से ज्यादा घायल हुए। सूत्र के अनुसार, नौ एमएम कारतूस आमतौर पर विशेष इकाइयों या विशेष अनुमति वाले व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं। सूत्र ने कहा, ''मौके पर तैनात कर्मचारियों से भी उनको जारी किए गए कारतूसों की जांच करने को कहा गया, लेकिन कोई भी कारतूस गायब नहीं मिला। कारतूस तो थे, लेकिन उन्हें चलाने वाला कोई हथियार बरामद नहीं हुआ था। हम पूरे मामले को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि गोलियां घटनास्थल तक कैसे पहुंचीं।''

## 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल पिछले साल से आत्मघाती हमलावर की तलाश में था: अधिकारी

**नयी दिल्ली/श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में डॉक्टरों के नेतृत्व वाले जिस 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, वह पिछले साल से ही एक आत्मघाती हमलावर की तलाश में जुटा था, और मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर नबी इस एजेंडे को लगातार आगे बढ़ा रहा था। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार सह-आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था और वह लगातार इस बात पर जोर देता था कि उनके अभियान की सफलता के लिए एक आत्मघाती हमलावर जरूरी था।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## एसआईआर द्वितीय चरण : 49 करोड़ से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 51 करोड़ मतदाताओं में से 49 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। आयोग ने अपने दैनिक एसआईआर बुलेटिन में कहा कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 49.73 करोड़ गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। दूसरे शब्दों में, 50.99 करोड़ मतदाताओं में से 97.52 प्रतिशत को आंशिक रूप से भरे हुए प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। इन राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप शामिल हैं। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। असम में, जहां 2026 में चुनाव होने हैं, मतदाता सूची के संशोधन की घोषणा अलग से की जाएगी। एसआईआर अभ्यास का दूसरा चरण चार नवंबर को शुरू हुआ और चार दिसंबर तक जारी रहेगा।

# दलित, आदिवासी और महिलाओं के बलिदान को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला : राजनाथ



**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वामपंथी इतिहासकारों पर दलित नायकों विशेष रूप से पासी समाज के इतिहास की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि दलित, आदिवासी, महिलाओं और पिछड़े समुदायों के असंख्य वीरों के बलिदान को इतिहास के पन्नों में जो स्थान मिलना चाहिए, वह उचित स्थान उन्हें नहीं मिला है। लखनऊ में पासी चौराहे पर वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा के अनावरण और स्वाभिमान समारोह के आयोजन स्थल पर रविवार को लोगों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ''दलित, आदिवासी, महिलाओं और पिछड़े समुदायों के असंख्य वीरों के बलिदान को इतिहास के पन्नों में जो स्थान मिलना चाहिए, वह उचित स्थान उन्हें नहीं मिला है। इन नायकों को न सिर्फ पढ़ाया जाना चाहिए था, बल्कि ऐसे नायकों को पूजा जाना चाहिए था।'' रक्षा मंत्री ने दावा किया कि ''वामपंथी इतिहासकारों ने अपनी सुविधा से इतिहास लिखा, जिसमें दलित और पिछड़े समाज के नेताओं की वीरता तथा बलिदान को उन्होंने जानबूझकर दरकिनार किया।'' सिंह ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि ''पहले की सरकारों में पासी और दलित समाज के नायकों को जो स्थान मिलना चाहिए, वह उन्हें नहीं मिला।'' उन्होंने महाराजा सतन पासी, महाराजा लाखन पासी, महाराजा सुहेलदेव, रानी अवंती बाई और स्वतंत्रता सेनानी ऊदा देवी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने चाहिए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा, ''मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन करता हूं कि जो काम वो लोग (पूर्ववर्ती सरकारें) नहीं कर पाए, वह कार्य इस समय योगी जी कर रहे हैं।'' सिंह ने बिना नाम लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ''भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को इस तरह प्रस्तुत किया गया मानो आजादी की लड़ाई एक ही पार्टी (कांग्रेस) और कुछ विशेष वर्गों ने ही लड़ी और यही धारणा बनाने की कोशिश की गई।''

## सेना के उत्तरी कमांडर ने जम्मू में उभरते आतंकी खतरों के खिलाफ सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया

जम्मू : सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में आतंकवाद-रोधी ग्रिड की समीक्षा की और सभी रैंकों से आह्वान किया कि वे अंदरूनी इलाकों में उभरते खतरों के खिलाफ सतर्क और सक्रिय रहें। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने बसंतगढ़ और रामपुर क्षेत्रों का दौरा किया, जहां पिछले कुछ वर्षों में कई आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने आतंकवाद-निरोधी ग्रिड की समीक्षा के लिए बसंतगढ़ और रामपुर का दौरा किया। उन्होंने सभी रैंकों से आंतरिक क्षेत्रों में उभरते खतरों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने का आह्वान किया। सेना की उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यात्रा के दौरान उन्होंने सैनिकों से भी बातचीत की और उनके पेशेवराना अंदाज तथा जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त रखने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। सैन्य कमांडर ने शनिवार को राजौरी जिले के नौशेरा और बिम्बर गली सेक्टरों का दौरा किया तथा परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। सेना ने कहा कि कमांडर ने नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों से बातचीत की और उनके उच्च मनोबल, पेशेवराना रुख और लगातार बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उन्नत निगरानी प्रणालियों, सटीक मारक क्षमताओं और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार की गई नई संचालनात्मक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई, ताकि सीमा पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# स्वयंसेवकों के भावबल और जीवनबल से चलता है संघ: भागवत

**जयपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने रविवार को कहा कि संघ पूरी तरह स्वयंसेवकों के भावबल और जीवनबल पर चलता है और मानसिकता से हर स्वयंसेवक खुद ही प्रचारक बन जाता है, यही संघ की जीवन शक्ति है। वह यहां पाथेय कण संस्थान में आयोजित '...और यह जीवन समर्पित' ग्रंथ के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह पुस्तक राजस्थान के 24 दिवंगत संघ प्रचारकों की जीवन गाथाओं का संग्रह है। भागवत ने कहा, संघ यानी हम लोग स्वयंसेवक हैं। संघ का आधार स्वयंसेवकों का जीवन और उनका भावबल है। आज संघ बढ़ गया है। कार्य की दृष्टि से अनुकूलताएं और सुविधाएं भी बढी हैं, परंतु इसमें बहुत सारे नुकसान भी हैं। हमें वैसा ही रहना है जैसा हम



विरोध और उपेक्षा के समय थे, उसी भावबल से संघ आगे बढ़ेगा।'' संघ के कामकाज का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संघ को केवल दूर से देखकर नहीं समझा जा सकता इसके लिए प्रत्यक्ष अनुभव जरूरी है, जो संघ की गतिविधियों में भाग लेने से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने संघ की तरह शाखाएं शुरू करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी शाखा पंद्रह दिन से ज्यादा नहीं चल पाई, जबकि संघ की शाखाएं सौ वर्षों से चल रही हैं और बढ़ रही हैं, क्योंकि उनका आधार स्वयंसेवकों का त्याग और भावबल है। एक बयान के अनुसार, भागवत ने कहा, ''आज संघ का कार्य समाज में चर्चा और स्नेह का विषय बना हुआ है। संघ के स्वयंसेवकों और प्रचारकों ने क्या क्या किया है, इसके डंके बज रहे हैं।'' उन्होंने कहा, सौ वर्ष पहले कौन सोच सकता था कि इसी तरह शाखा चलाकर राष्ट्र के लिए बड़ा काम हो सकता है? लोग तो कहते थे कि हवा में डंडे घुमा रहे हैं, यह क्या राष्ट्र की सुरक्षा करेंगे? लेकिन आज संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है और समाज में उसकी स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है।

# लंबित वेतन भुगतान के लिए सहारा के कर्मचारियों की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय सोमवार को सहारा समूह की कंपनियों से अपने लंबित वेतन के भुगतान की अपील करने वाले कर्मचारियों की अंतरिम याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा इस मामले की सुनवाई किए जाने की संभावना है। उच्चतम अदालत ने 14 अक्टूबर को सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) की याचिका पर केंद्र, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और अन्य हितधारकों से जवाब मांगा था। इस याचिका में सहारा ने अपनी 88 प्रमुख संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति मांगी थी। एसआईसीसीएल की याचिका पहले ही 17 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। शुक्रवार को वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि कर्मचारियों की अंतरिम याचिकाओं को भी सोमवार को सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। इससे पहले, पीठ ने सहारा समूह के धन वापसी दायित्वों से संबंधित लंबे समय से लंबित मामले में एसआईसीसीएल के अंतरिम आवेदन (आईए) पर सुनवाई की, जिसमें न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश भी शामिल थे।

# नए प्रतिबंधों के बीच भारत ने अक्टूबर में रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा




**नयी दिल्ली :** रूसी कच्चे तेल के दूसरे सबसे बड़े खरीदार भारत ने रूसी इकाइयों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने से पहले अक्टूबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 2.5 अरब यूरो तक खर्च किए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान ने यह जानकारी दी। अक्टूबर में भारत का रूसी तेल की खरीद पर खर्च सितंबर के समान 2.5 अरब यूरो पर रहा। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के अनुसार, अक्टूबर में चीन के बाद भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा। 22 अक्टूबर को, अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के वित्तपोषण के लिए क्रेमलिन के संसाधनों को कम करने के लिए रूस की दो सबसे बड़े तेल उत्पादक कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन प्रतिबंधों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है। रूस ने अक्टूबर में छह करोड़ बैरल कच्चा तेल भेजा, जिसमें रोसनेफ्ट और लुकऑयल का कुल मिलाकर 4.5 करोड़ बैरल का योगदान था। सीआरईए ने अपनी मासिक निगरानी रिपोर्ट में कहा, ''भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा, जिसने कुल 3.1 अरब यूरो का आयात किया। भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत (2.5 अरब यूरो) रहा, उसके बाद कोयले का 11 प्रतिशत (35.1 करोड़ यूरो) और तेल उत्पादों का सात प्रतिशत (22.2 करोड़ यूरो) रहा।'' पारंपरिक रूप से मध्य-पूर्वी तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस से अपने आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंधों और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूसी तेल भारी छूट पर उपलब्ध हो गया। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात थोड़े ही समय में उसके कुल कच्चे तेल आयात के एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गया। सितंबर में, भारत ने कुल 3.6 अरब यूरो खर्च किए थे। इसमें कच्चे तेल पर 2.5 अरब यूरो, कोयले पर 45.2 करोड़ यूरो और तेल उत्पादों पर 34.4 करोड़ यूरो शामिल हैं।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।
मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।
सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho




A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## मजबूत संगठन व रणनीति से कामयाबी

बेहद जटिल सामाजिक परिस्थितियों वाले देश के बड़े राज्य बिहार का महासंग्राम आखिरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीत ही लिया। एनडीए ने बिहार में विपक्ष के महागठबंधन को करारी शिकस्त दी है। यह जीत पिछले साल महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन द्वारा महाविकास अघाड़ी को करारी शिकस्त देने जैसी ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और उसने उस राज्य में अपनी स्थिति मजबूत की है, जहां अभी तक उसका अपना मुख्यमंत्री नहीं रहा है। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड यानी जदयू ने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए सम्मानजनक दूसरा स्थान हासिल किया है। चुनाव से पहले नीतीश कुमार महागठबंधन के नेताओं के निशाने पर थे। उन्हें थका हुआ, बीमार और रिटायर होने वाला राजनेता बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि भाजपा ने नीतीश कुमार को पार्टी के मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया। नीतीश कुमार के जो आलोचक उनकी विदाई लेख लिखने की जल्दी में थे, उन्हें चुनाव परिणामों के बाद मुंह की खानी पड़ रही है। जनता के फैसले ने बीते 2020 के विधानसभा चुनाव मे सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले राष्ट्रीय जनता दल यानी राजद को इस बार तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। बहरहाल, इस विधानसभा चुनाव के एकतरफा नतीजों का एक निष्कर्ष यह भी है कि सत्ता के लिये भाजपा व जदयू को एक साथ ही रहना होगा। जैसे कि नीतीश के पाला बदलने के चलते उन्हें पलटू राम की संज्ञा दी जाती थी, उसकी संभावना अब नजर नहीं आती। यानी नीतीश कुमार अब पलटू राम वाले अंदाज में नहीं चल सकते। उन्हें इस बात की तसल्ली मिल सकती है कि भारतीय जनता पार्टी, जिसके पास लोकसभा में पूर्ण रूप से बहुमत नहीं है, वह केंद्र में सरकार बचाने के लिये भविष्य में जदयू पर निर्भर रहेगी।

दरअसल, राजनीतिक पंडित कयास लगाते रहे हैं कि नीतीश कुमार को किनारा करने की भगवा पार्टी की कोई भी कोशिश सत्तारूढ़ गठबंधन के लिये मुश्किल खड़ी कर सकती है। वहीं कहा जाता रहा है कि चिराग पासवान एनडीए की कमजोरियों का फायदा उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे। हालांकि, भाजपा नीतीश कुमार को बाहर करने के प्रलोभन का ज्यादा देर विरोध नहीं कर पाएगी, जैसा उसने महाराष्ट्र में शिवसेना के एकनाथ शिंदे के साथ किया था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत ने महागठबंधन को तार-तार कर दिया है। साथ ही पदयात्रा व अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले प्रशांत किशोर की नई सुबह की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बिहार चुनाव में पस्त हुए महागठबंधन के दलों के सामने अगले साल विपक्ष शासित राज्य पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले फिर से संगठित होने की एक बड़ी चुनौती होगी। ये वे तीन विपक्षी दुर्ग हैं जिनमें सत्ता हासिल करने के लिये भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बहरहाल, एक बात तो माननी पड़ेगी बिहार में राजग की अप्रत्याशित जीत सारथी नरेंद्र मोदी की छवि, गृहमंत्री अमित शाह की नीति-कूटनीति, भाजपा के मजबूत संगठन, नीतीश कुमार की सामाजिक कल्याण की नीतियों की देन है। वहीं ऐन चुनाव से पहले एकजुट हुए महागठबंधन की विसंगतियां ही उसके पराभाव का कारक बनी। बहरहाल, राजग की महिलाओं को आर्थिक संबल की घोषणाओं, नीतीश की शराबबंदी आदि नीतियां महिला मतदाताओं को रिझाने में कामयाब रही हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं ने इस विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान किया। यह प्रतिशत बिहार के मतदान इतिहास में रिकॉर्ड बनाने वाला था और चुनाव परिणाम भी उतने ही अप्रत्याशित रहे। बहरहाल, एक बार फिर जनतंत्र की भूमि ने अप्रत्याशित चुनाव परिणामों से देश को चौंकाया है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा नरेंद्र मोदी ने कहा भी कि जिस एमवाई समीकरण को विपक्ष ने संकीर्णताओं के साथ पेश किया था, भाजपा ने उस एमवाई समीकरण को सकारात्मक दृष्टि से महिला व युवा गठजोड़ में तब्दील कर दिया।

# श्रम संहिता: भविष्य अनुकूल कार्यबल का निर्माण



सुश्री ज्योति विज
महानिदेशक,
फ़िक्की

**नियोक्ताओं, श्रमिकों, गिग इकोनॉमी प्रतिभागियों, महिला कर्मचारियों और बड़े पैमाने पर समाज को लाभ पहुंचाने के लिए एक सरलीकृत, समावेशी और प्रगतिशील ढांचा**

देश आर्थिक और श्रम परिदृश्य में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। 29 से अधिक केंद्रीय श्रम कानूनों को चार व्यापक श्रम संहिताओं में समेकित करना केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह श्रम इकोसिस्टम निर्माण की दिशा में एक कदम है जो आधुनिक, समावेशी और तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के प्रति उत्तरदायी है।

लंबे समय से उद्योग जगत द्वारा श्रम सुधार एक मुख्य मांग रही है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के एकीकरण, प्रौद्योगिकी द्वारा उद्योगों को बाधित करने और रोजगार के नए विकल्पों के उभरने के साथ, देश को एक ऐसे ढांचे की आवश्यकता है जो व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता का समर्थन कर सके और श्रमिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा कर सके। चार श्रम संहिताएं- मजदूरी, औद्योगिक सम्बंध, सामाजिक सुरक्षा, और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति पर - एक एकीकृत और सरलीकृत प्रणाली प्रदान करके ठीक यही करना चाहती हैं जो अस्पष्टता को कम करती है और अधिक समानता सुनिश्चित करती है।

### नियोक्ताओं के लिए लाभ

उद्यमों के लिए, विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी वैश्विक वातावरण में, श्रम संहिता बहुत आवश्यक सरलीकरण प्रदान करती है। कई अनुपालन और अतिव्यापी परिभाषाओं को एक स्पष्ट और एकीकृत प्रणाली में बदल दिया गया है। डिजिटल फाइलिंग, समान वेतन परिभाषाएं और सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग प्रक्रियाएं अनुपालन बोझ को कम करती हैं और पारदर्शिता लाती हैं।

ये सुधार देश के एमएसएमई और स्टार्ट-अप के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। अनुपालन जटिलता को कम करके और एकल-खिड़की मंजूरी को सक्षम करके, श्रम संहिताएं छोटे व्यवसायों को तेजी से बढ़ने और घरेलू और वैश्विक बाजारों में अधिक प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिए सशक्त बनाती हैं। महत्वपूर्ण रूप से, निश्चित अवधि के रोजगार और आधुनिक विवाद समाधान के प्रावधान व्यवसायों को प्रक्रियात्मक देरी से बाधित हुए बिना बढ़ने और अनुकूलन करने के लिए लचीलापन प्रदान करती हैं।

समान रूप से महत्वपूर्ण छोटे अपराधों का गैर-अपराधीकरण है, जो विशिष्ट प्रक्रियात्मक उल्लंघनों के लिए आर्थिक दंड के साथ कारावास को प्रतिस्थापित करता है। यह अधिक विश्वास-आधारित अनुपालन वातावरण के लिए एक प्रगतिशील पहल का प्रतिनिधित्व करता है, अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करता है, और नियोक्ताओं और नियामकों के बीच स्व-नियमन और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

### श्रमिकों के लिए लाभ

श्रमिकों के लिए संहिता, निष्पक्षता के सिद्धांत को सुदृढ़ करती है। वेतन संहिता सार्वभौमिक न्यूनतम मजदूरी और वेतन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करती है, इससे मनमाने या विलंबित भुगतान की संभावना समाप्त हो जाती है। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता कार्यस्थल सुरक्षा को मजबूत करती है, कल्याणकारी सुविधाओं को अनिवार्य करती है, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शुरू करती है। भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, मातृत्व अवकाश और बीमा सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ श्रमिकों के व्यापक आधार तक बढ़ाए जाते हैं, इससे उन लाखों लोगों को वित्तीय सुरक्षा मिलती है जो पहले इस दायरे में नहीं आते थे। अक्सर नियामक ढांचे से बाहर रहने वाले अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक, श्रम संहिताओं से मान्यता और सुरक्षा पाते हैं। ये प्रावधान नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच सामाजिक अनुबंध को मजबूत करते हैं, काम की गरिमा को बनाए रखते हैं।

### गिग और प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स के लिए लाभ

शायद सबसे दूरदर्शी प्रावधान गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिकों और एग्रीगेटर्स की औपचारिक मान्यता है। लगभग 8 मिलियन भारतीय गिग इकॉनमी (एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, फ्रीलांस और अंशकालिक काम पर जोर दिया जाता है) में लगे हुए हैं और आने वाले दशक में इस संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। श्रम संहिता समावेशी विकास के लिए एक आधार प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा संहिता उन योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करती है जो स्वास्थ्य, मातृत्व, बीमा और वृद्धावस्था लाभों को कवर करती हैं। यह एक ऐतिहासिक कदम है जो काम के पारंपरिक और नए विकल्पों के बीच के अंतर को कम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी नौकरियों के भविष्य को नया आकार देती है, उभरते क्षेत्रों में श्रमिक पीछे न रहें।

### महिला कर्मचारियों के लिए लाभ

ये संहिताएं कार्यस्थल में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने की दिशा में भी एक कदम आगे हैं। वे समान काम के लिए समान वेतन के सिद्धांत की पुष्टि करते हैं, मातृत्व लाभ को मजबूत करते हैं और क्रेच सुविधाओं के लिए प्रावधान लागू करते हैं। सुरक्षा और गरिमा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ महिलाओं के काम के घंटों पर प्रतिबंधों को कम करके - श्रम संहिताएं महिलाओं के लिए उन क्षेत्रों और बदलावों में भाग लेने के अवसर पैदा करती हैं जो पारंपरिक रूप से कठिन थे। उच्च वेतन वाली नौकरी जैसे कि खान श्रमिक तथा भारी मशीनरी का संचालन आदि क्षेत्रों में काम करने का अवसर प्रदान करने के साथ ही महिलाओं को भेदभाव से भी बचाता है। ऐसे समय में जब देश में महिला श्रम बल की भागीदारी वैश्विक औसत से कम है, ऐसे सुधार महिलाओं को आर्थिक विकास में पूरी तरह से योगदान करने में सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### अन्य हितधारकों के लिए लाभ

नियोक्ताओं और कर्मचारियों के अलावा, श्रम संहिता सरकारी एजेंसियों को पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए एक आधुनिक ढांचा प्रदान करते हुए, अनुपालन को सरल बनाकर और विकास को सक्षम करके एमएसएमई और स्टार्ट-अप को भी लाभ पहुंचाती है। निवेशकों के लिए, एक पूर्वानुमानित और व्यापार के अनुकूल श्रम व्यवस्था देश की विकास गाथा में विश्वास बढ़ाती है। मजदूर संघों को मान्यता और बातचीत प्रक्रियाओं में स्पष्टता मिलती है, इससे सामाजिक संवाद के ढांचे को मजबूती मिलती है। अंततः, जब काम सुरक्षित, निष्पक्ष और अधिक समावेशी हो जाता है तो समग्र रूप से समाज को लाभ होता है।

### आगे की एक साझा यात्रा

श्रम संहिताएं एक नए अध्याय की शुरुआत हैं। इनकी सफलता सुचारू कार्यान्वयन, राज्यों के बीच समन्वय और सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करेगी। देश के लिए अगला दशक महत्वपूर्ण होने वाला है, इसलिए हमें अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करना चाहिए और प्रौद्योगिकी, वैश्वीकरण और स्थिरता की अनिवार्यताओं के अनुकूल दिए गए काम के लिए भविष्य में तैयार रहना चाहिए। श्रम संहिता इस परिवर्तन के लिए कानूनी आधार प्रदान करती है - उद्यमों को लचीलापन, श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक समानता प्रदान करती है। यदि श्रम संहिताओं को अक्षरशः लागू किया जाए तो विकास समावेशी, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयारी सुनिश्चित करते हुए, एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हो सकती है।

# एनडीए की 'सुनामी' को भांपने में क्यों फेल हुए एग्जिट पोल?



योगेश कुमार गोयल

नीतियों, संख्या-शास्त्र और राजनीतिक सामाजिक रुझानों को समझने का दावा करने वाले एग्जिट पोल्स एक बार फिर बिहार के जनादेश के सामने बुरी तरह धराशायी हो गए। यह वही बिहार है, जहां जनता की राजनीतिक सूझबूझ देशभर में मिसाल मानी जाती है और इसी बिहार ने 2025 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि मतदाता का मन कागजों, ग्राफों और टीवी स्टूडियो की चर्चाओं से नहीं पढ़ा जा सकता। लगभग दो दर्जन एजेंसियों ने अपने-अपने अनुमानों की बौछार कर दी थी लेकिन नतीजों ने इनकी तथाकथित वैज्ञानिकता का मुखौटा एक झटके में उतारकर फैंक दिया। मतदान के बाद तमाम टीवी चैनलों पर जोर-शोर से दावे किए जा रहे थे कि इस बार तस्वीर साफ है, रुझान स्थिर हैं और रणनीति मजबूत है परन्तु असलियत यह थी कि वैज्ञानिक 'सैम्पलिंग' के नाम पर केवल अनुमान बेचे जा रहे थे और इन अनुमानों का आधार जमीन से ज्यादा स्टूडियो-केन्द्रित 'कॉलिनियरिटी' था।

हालांकि बिहार के दो चरणों वाले चुनाव में भारी मतदान ने यह संकेत पहले ही दे दिया था कि इस बार कुछ अलग ही लहर है लेकिन यह लहर कितनी प्रचंड होगी, इसे कोई भी एजेंसी अपने सर्वे में नहीं पकड़ सकी। 65 और 68 प्रतिशत की रिकॉर्ड वोटिंग ने विश्लेषकों को जरूर सतर्क किया था लेकिन यह सतर्कता भी उस समय ध्वस्त हो गई, जब एग्जिट पोल्स ने लगभग एक जैसी थाली परोसी यानी एनडीए की जीत लेकिन सीमित मार्जिन के साथ। लगभग सभी 'पोल ऑफ पोल्स' ने एनडीए को 150 के आसपास और महागठबंधन को 80-90 सीटों तक टिका दिया, मानो मतदाता किसी स्थिर पैटर्न में वोट डालने गया हो। इन अनुमानित संख्याओं में न आत्मविश्वास झलकता था, न शोध की गंभीरता। यही नहीं, प्रतिष्ठित मानी जाने वाली एक्सिस माय इंडिया और टुडेज चाणक्य जैसी एजेंसियां भी उस भूचाल को भांप नहीं सकी, जिसने एनडीए को 200 से अधिक सीटों के साथ रिकॉर्ड बहुमत दे दिया। यह पराजय अनुमान की नहीं, समझ की थी और यह विफलता आंकड़ों की नहीं, पद्धति की थी, जो सवाल उठाती है कि क्या एग्जिट पोल्स विश्लेषण करते हैं या महज भविष्यवाणी का खेल खेलते हैं?

सबसे दिलचस्प बात यह रही कि सभी एजेंसियों के बीच 'पोल डायरी' नाम की एकमात्र एजेंसी थी, जिसने एनडीए को 184-209 सीटों तक का अनुमान देकर राजनीतिक गलियारों को चौकन्ना कर दिया था। उस समय इसे कई विशेषज्ञों ने 'आउटलायर' कहकर खारिज कर दिया था परंतु नतीजे आए तो वही आउट्लायर सबसे सटीक साबित हुआ। महागठबंधन को 32-49 सीटों का उसका अनुमान भी वास्तविक परिणामों से मेल खा गया। यह सवाल और बड़ा हो जाता है कि जब सारी एजेंसियां एक दिशा में झुकी हों और एक एजेंसी अलग दृष्टि दे रही हो, तब भी आखिर क्यों तथाकथित विशेषज्ञता उस एकमात्र भिन्न अनुमान को गंम्भीरता से नहीं लेती? जवाब स्पष्ट है कि एग्जिट पोल अब एक उद्योग है और उद्योग में जोखिम लेने की जगह कम होती है। सबको उसी लय में बोलना सुविधाजनक लगता है, जिसमें बहुमत की आवाज सुनाई देती है।

बिहार में एक्सिस ने 121-141, चाणक्य ने 148-172, भास्कर ने 145-160, पीपुल पल्स ने 133-159, मैट्रिज-आईएएनएस ने 147-167 और लगभग हर एजेंसी ने 130 से 160 के बीच एनडीए को बांधकर रखा। महागठबंधन को इन्हीं एजेंसियों ने उदारता के साथ 75-110 सीटें सौंप दी, मानो राजनीतिक ध्रुवीकरण, जातीय समीकरणों के पुनर्संयोजन, महिलाओं और युवाओं के मतदान पैटर्न जैसी वास्तविकताओं का कोई महत्व ही न हो। नतीजा? जमीन पर वोटर ने इन सारे अनुमानों को 'कागजी गणित' साबित कर दिया। एनडीए जहां 200 सीटों से ऊपर निकल गया, वहीं महागठबंधन 35 के आसपास सिमट गया।

बिहार की राजनीति की जटिलता को समझ पाने में एग्जिट पोल्स की असमर्थता कोई नई बात नहीं है। 2010, 2015 और 2020 में भी वे लगातार विफल रहे। 2015 में जब नीतीश-लालू गठबंधन की प्रचंड जीत हुई थी जबकि सर्वे एजेंसियों ने इसके उलट एनडीए की बढ़त दिखाई थी। 2020 में जब लगभग हर सर्वे ने महागठबंधन की जीत की भविष्यवाणी की थी, तब नतीजों ने एनडीए को 125 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत पर पहुंचा दिया था। अब 2025 में जब एनडीए की सुनामी आई, तब उसे भी पढ़ने में लगभग सभी एजेंसियां एक बार फिर चूक गई। आखिर चुनावी समाजशास्त्र में ऐसी क्या अंधी दीवार है, जो इन एजेंसियों को वास्तविकता से टकराने पर मजबूर कर देती है?

यह विफलता केवल बिहार तक सीमित नहीं है। हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और यहां तक कि लोकसभा चुनावों तक में एग्जिट पोल्स बार-बार चित्त होते आए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में तो लगभग हर एजेंसी ने एनडीए को 350-400 सीटों का आकाश छूता अनुमान दिया था जबकि भाजपा 240 सीटों पर रुक गई थी और एनडीए 292 पर। महाराष्ट्र में एग्जिट पोल्स ने 150-170 सीटों की 'महायुति' दिखा दी पर वास्तविक नतीजे 234 सीटों के विशाल बहुमत में तब्दील हो गए। झारखंड में अनुमान एनडीए का, नतीजा इंडिया ब्लॉक का; बंगाल में अनुमान त्रिशंकु का, नतीजा टीएमसी की सुनामी का, तो क्या यह कहना गलत है कि एग्जिट पोल अब विश्लेषण का औजार नहीं बल्कि मनोरंजन का साधन बन चुके हैं?

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर एग्जिट पोल्स किस 'विज्ञान' पर चलते हैं? एजेंसियां दावा करती हैं कि वे वैज्ञानिक सैम्पलिंग, पिछले चुनावों के पैटर्न, जातीय-क्षेत्रीय वितरण, बूथवार गणना और वोट शेयर रूपांतरण मॉडल पर काम करती हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि यह डेटा कितने बूथों से लिया जाता है, कितने मतदाताओं से बात होती है, कौनसे अनुपात लागू किए जाते हैं, इन सबकी पारदर्शिता लगभग शून्य है। 'वैज्ञानिक मॉडल' की आड़ में यह उद्योग एक ब्लैक बॉक्स की तरह काम करता है, जहां अंदर क्या चल रहा है, कोई नहीं जानता और बाहर सिर्फ अनुमान बेचा जाता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि सैंपलिंग से नतीजे निकाले नहीं जा सकते। दुनियाभर में चुनाव पूर्व सर्वे और एग्जिट पोल आम प्रचलन में हैं लेकिन वहां मैथडोलॉजी खुली होती है, डेटा उपलब्ध होता है और एजेंसियों का मूल्यांकन उनके पिछले रिकॉर्ड के आधार पर किया जाता है। भारत में इसके उलट, टीवी चैनल टीआरपी के लिए और सर्वे एजेंसियां कॉन्ट्रैक्ट के लिए एग्जिट पोल पेश करती हैं। इन्हें वास्तविकता से ज्यादा कथानक गढ़ने में रुचि होती है। कई बार राजनीतिक पक्षधरता, कई बार व्यावसायिक दबाव और कुछ मामलों में 'सैंपल की कमी' जैसे बहाने इस उद्योग का स्थायी फॉर्मूला बन चुके हैं।

कुल मिलाकर, बिहार के 2025 के जनादेश ने एक बार फिर यह साबित किया है कि एग्जिट पोल्स मतदाता को पढ़ने का नहीं, मतदाता को प्रभावित करने का उपकरण बन चुके हैं। किसी भी लोकतंत्र में यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। जब टीवी चैनल और एजेंसियां मिलकर मतदाता के मन की थाह लेने के बजाय उसकी धारणाओं को दिशा देने में लग जाएं, तब उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगने स्वाभाविक है। यह समय है कि भारत में एग्जिट पोल्स के लिए स्वतंत्र विधिक नियंत्रण, स्पष्ट पद्धति प्रकटीकरण, सैम्पलिंग मानक, पारदर्शिता नियम और जवाबदेही लागू की जाए। जब तक यह उद्योग 'अनुमानों की दुकान' बना रहेगा, तब तक उसका हर अनुमान एक जोखिम होगा और उसकी हर भविष्यवाणी लोकतंत्र को भ्रमित करने का माध्यम। हालांकि बिहार ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया कि यहां का मतदाता किसी भी 'पोल' से बड़ा है। 'पोल ऑफ पोल्स' विफल हुआ लेकिन जनता का पोल एकदम सही बैठा। यही बिहार की राजनीतिक चेतना की असली शक्ति है और यही लोकतंत्र की वह जीवंत धड़कन है, जिसे कोई सर्वे, कोई ग्राफ और कोई चैनल स्टूडियो कभी समझ नहीं पाएगा।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## विदेश की खबरें

### भारतीय राजदूत क्वात्रा ने 'एस-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' के कार्यक्रम को संबोधित किया

**ह्यूस्टन (अमेरिका) :** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने 26वें वार्षिक 'यूएस-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' (यूएसआईसीओसी) डीएफडब्ल्यू पुरस्कार समारोह को संबोधित किया और दोनों देशों के बीच व्यापारिक साझेदारी एवं सामुदायिक जुड़ाव को गहरा करने में यूएसआईसीओसी की भूमिका की सराहना की। महावाणिज्य दूत डी सी मंजूनाथ ने भारत और टेक्सास के बीच नवोन्मेष, व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने में चैंबर की भूमिका और बढ़ते भारतीय समुदाय के लिए वाणिज्य दूतावास सेवाओं के विस्तार के प्रयासों को रेखांकित किया। क्वात्रा ने पिछले मंगलवार को वाशिंगटन स्थित दूतावास से एक वीडियो संदेश के माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित किया। सीनेटर जॉन कॉर्निन ने चैंबर के संस्थापक अध्यक्ष ए. के. मागो के साथ द्विदलीय 'सीनेट इंडिया कॉकस' की सह-स्थापना करने और भारत-अमेरिका संबंधों को बढ़ावा देने पर बात की।

### नेपाल निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम जारी किया, नामांकन दाखिल करने की तिथि 20 जनवरी

**काठमांडू :** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने मार्च में होने वाले संसदीय चुनाव का कार्यक्रम रविवार को जारी कर दिया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार, उम्मीदवारों को प्रतिनिधि सभा के चुनाव के लिए 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक नामांकन दाखिल करना होगा। उम्मीदवारों की सूची उसी दिन शाम पांच बजे के बाद प्रकाशित की जाएगी। किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराने का समय 21 जनवरी को सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक निर्धारित है। अगले दिन उम्मीदवारों की सत्यापित सूची प्रकाशित की जाएगी। जो उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहते हैं, वे 23 जनवरी को अपराह्न एक बजे तक ऐसा कर सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची उसी दिन अपराह्न तीन बजे प्रकाशित की जाएगी और उम्मीदवारों को आधिकारिक तौर पर चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार, चुनाव पांच मार्च को होंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे समाप्त होगा। नेपाली संविधान के अनुसार, प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से होता है। नौ सितंबर को के पी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद चुनाव आवश्यक हो गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटाने की मांग को लेकर 'जेन जेड' द्वारा किए गए प्रदर्शन हिंसक हो गए थे, जिसमें दो दिनों में 76 लोगों की मौत हो गई थी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 नवम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 31:11 तक, नक्षत्र : चित्रा, 28:55 तक, योग : प्रीति, 07:22 तक, सूर्योदय: 05:50, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 03:10, चन्द्रास्त: 14:52, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 07:16 से 08:37

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आज आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय हो, तो उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें।

**मिथुन :** आज आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, क्योंकि अक्समात खराबी के कारण आपका खर्चा बढ़ सकता है। आप कहीं पिकनिक आदि पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं।

**कर्क :** आज आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है, क्योंकि वह बिजनेस को लेकर आपको कोई सलाह देंगे। आप अपने घर में नया काम शुरू कर सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा, लेकिन आपके परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है।

**कन्या :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी नई जगह काम करने का मौका मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आप सबक लेना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। यदि आपने किसी दूसरे के भरोसे छोड़ा, तो वह लटक सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपनी बुद्धि का प्रयोग करके कोई निर्णय लेना होगा। आपका कोई सरकारी काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**कुम्भ :** आज आपको अपने बढ़ते खर्चों को लेकर कंट्रोल करना होगा, क्योंकि आपका हाथ खुला रहेगा, जिससे आप किसी भी काम में आगे बढ़ेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो कोई गड़बड़ी हो सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3266



*बायें से दायें:-* 2) दिनांक, 4) दुर्दशा; अधःपतन, 7) पूरा, 9) रक्तवर्णीय, 10) द्वारा, 12) लज्जित होना, 14) अन्य का, 15) शव पेटी, 18) बनावट *(वस्त्र की)*, 21) कराह, 22) सहमत, 23) एकत्र, 25) प्रतिदिन, 26) कष्ट; मेहनत, 27) खींचकर बाँधना, 30) क्षणभंगुर, 32) मानवोचित अच्छाइयों से हीन व्यक्ति; नरपिशाच, 33) अदालत.

*ऊपर से नीचे:-* 1) विषमता, 2) बढ़ाई, 3) गाडर नामक घास की जड़, 4) पूर्वज; बड़ा भाई, 5) गरदन, 6) एक तिलहन, 8) एक भारतीय भाषा, 11) तप्त होना, 13) संबंध; रिश्ता, 16) फूफी, 17) तलघर, 19) अप्रसन्न, 20) शर्त, 23) सामने, 24) पर्यन्त, 25) विख्यात *(नाम)*; चमकदार, 28) प्रश्न, 29) बंद *(काम)*, 31) एक राशि.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3223

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 1 | | 3 | | 6 | |
| | 1 | 6 | | | | | | |
| 9 | | | | 3 | | | | |
| | 3 | | 8 | | | | | 5 |
| | 2 | | | | 1 | | | |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | | | | | 7 | | 8 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3222 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 1 | 9 |

# राज्यपाल ने 'अपमानजनक' टिप्पणी को लेकर कल्याण बनर्जी के खिलाफ कानूनी राय मांगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की राजभवन के बारे में कथित 'अपमानजनक' टिप्पणी को लेकर कानूनी राय मांगी है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल बोस ने कल्याण बनर्जी के व्यवहार को दर्शाने के लिए विलियम शेक्सपियर के नाटक 'मैकबेथ' से एक अंश साझा किया और सांसद की टिप्पणी के बारे में अपनी राय व्यक्त की। उस अंश का अर्थ है कि यह किसी मूर्ख द्वारा कही गई कहानी की तरह है, जिसमें केवल शोर-शराबा और उथल-पुथल है, पर उसमें कोई सार, अर्थ या मूल्य नहीं। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल कल्याण बनर्जी की शनिवार की टिप्पणियों को लेकर उनके (तृणमूल सांसद के) खिलाफ कानूनी राय मांग रहे हैं। राजभवन के दरवाजे सुबह 5 बजे से खुले हैं तथा वह इस बात के इंतजार में हैं कि कल्याण बनर्जी राजभवन आएं और अपने आरोपों की पुष्टि के लिए वहां का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अगर वह अपनी कही बात साबित करने में नाकाम रहते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए? राज्यपाल लोकसभा अध्यक्ष को भी इस मामले की जांच के लिए पत्र लिख रहे हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस सांसद ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सांसद के आरोपों के मद्देनजर राजभवन के दरवाजे कल्याण बनर्जी, नागरिक संगठन के सदस्यों और पत्रकारों के निरीक्षण करने के लिए खुले हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल बोस ने शनिवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को 'चुनाव प्रक्रिया को साफ-सुथरा' बनाने के लिए जरूरी बताया था। इसके कुछ ही घंटों बाद कल्याण बनर्जी ने राज्यपाल पर पलटवार किया और उनपर राजभवन में 'भाजपा के अपराधियों को पनाह' देने तथा 'उन्हें बम और बंदूकें' देने का आरोप लगाया।

# बंगाल के बुद्धिजीवियों को नीचा दिखाने की कोशिश कर रही है भाजपा : शशि पांजा

## राजा राममोहन को 'ब्रिटिशों का दलाल' बताने पर तृणमूल ने भाजपा को घेरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मंत्री शशि पांजा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि राजा राम मोहन राय के बारे में दिया गया मध्य प्रदेश के मंत्री इंदर सिंह परमार का बयान दर्शाता है कि पार्टी बंगाल के बुद्धिजीवियों को नीचा दिखाने की कोशिश कर रही है। पांजा ने कहा कि देश की महिलाएं जानती हैं कि राजा राम मोहन राय के कारण ही 'सती' प्रथा खत्म हुई, जिसमें महिलाओं को उनके मृत पति की चिता पर जला दिया जाता था। तृणमूल की वरिष्ठ नेता पांजा ने भाजपा पर राज्य के गौरव और आत्मा को कुचलने का प्रयास करते हुए बंगाल के लोगों व बुद्धिजीवियों को नीचा दिखाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना चाहती है तो वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र है; लेकिन वह बंगाल का अपमान नहीं कर सकती। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आगर मालवा जिले में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विवादास्पद टिप्पणी की थी कि राजा राम मोहन राय एक ब्रिटिश एजेंट थे। उन्होंने देश में उनके 'दलाल' के रूप में काम किया और धर्मांतरण का दुष्चक्र शुरू किया। आलोचना के बाद, परमार ने कहा कि राजा राम मोहन राय एक समाज सुधारक थे और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। यह वाक्य गलती से मेरे मुंह से निकल गया और मुझे इसका बहुत दुख है। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

## राज्य में एसआईआर के लिए 7.61 करोड़ गणना प्रपत्र वितरित

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि राज्य में चार नवंबर को मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य शुरू होने के बाद से 7.61 करोड़ गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक 99.42 प्रतिशत मतदाताओं को इस प्रक्रिया में शामिल किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि रविवार की रात 8 बजे तक गणना प्रपत्र वितरण के तहत अनुमानित 7.61 करोड़ लोगों का इस प्रक्रिया में शामिल किया चुका है। राज्य में कुल 7.66 करोड़ मतदाता हैं। एसआईआर गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि चार दिसंबर है।

# गृहिणी की अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर यौन संबंध बनाने का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बशीरहाट महकमा के बैलाली बिसफुर इलाके की गृहिणी की अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने की धमकी देकर कई बार यौन संबंध बनाने के आरोप मे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम अभिजीत मंडल (27) है। वह पेशे से मजदूर है और वह तमिलनाडु में काम करता है। वहां कुछ महीने पहले उसकी मुलाकात हिंगलगंज की एक गृहिणी से हुई। उसने उसकी कुछ अश्लील तस्वीरें लीं और उन्हें वायरल कर दिया। पिछले एक महीने से उसे धमकाकर और ब्लैकमेल करके उसने कई बार यौन संबंध बनाए। उसने गृहिणी को कई बार फोन पर धमकाया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी अभिजीत को हिंगलगंज पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। उसे रविवार को बशीरहाट अदालत में पेश किया गया। इसके अलावा, गृहिणी का बशीरहाट स्वास्थ्य जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। पीड़ित गृहिणी अदालत में न्यायाधीश के सामने बयान दर्ज कराएगी। पीड़ित परिवार ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

# खड़दह में देर शाम विस्फोट, एक व्यक्ति को लिया गया हिरासत में



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के खड़दह के बंदीपुर स्थित ठाकुर कॉलोनी रविवार की शाम भीषण विस्फोट से दहल उठा। इस घटना से इलाके में व्यापक उत्तेजना फैल गई। शुरुआत में, पता चला कि घर में रखे बारूद को हादसे का कारण बताया गया। लेकिन, घर में बारूद क्यों रखा गया था? इसके पीछे क्या साजिश थी? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि अभिजीत सिंह खड़दह के बंदीपुर पंचायत के ठाकुर कॉलोनी का निवासी हैं। वह वहां किराए पर रहता है। घर के मालिक लक्ष्मी देबनाथ ने बताया कि इस दिन, शाम करीब 6 बजे मैंने तेज आवाज सुनी और बाहर जाकर देखा तो किरायेदार के घर से धुआं निकल रहा था। वे चार साल से किराए पर रह रहे हैं। वह वेल्डिंग का काम करता है। खबर मिलते ही रहड़ा थाने की पुलिस, बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी तनॉय चटर्जी के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि विस्फोट बारूद से हुआ। कोई हताहत नहीं हुआ। नमूने एकत्र कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण का पता चलेगा। अभिजीत सिंह की पत्नी रूबी सिंह ने बताया कि आरोपी अभिजीत घर पर पटाखे बनाता था। अभिजीत सिंह ने भी यही बात साझा करते हुए कहा कि मैंने काली पूजा के दौरान पटाखे बनाए थे। उसी के मसाले रखे थे। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। वहीं, जांचकर्ताओं ने घर से पटाखे बरामद किए हैं। हालांकि, विस्फोट का स्रोत अभी भी स्पष्ट नहीं है।

# भांगड़ में रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर तृणमूल और आईएसएफ में झड़प, चली गोली



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ के पोलेरहाट थाना इलाके में रविवार को रक्तदान शिविर की तैयारियों के दौरान तृणमूल और आईएसएफ के बीच झड़प हो गई। कथित तौर पर, उसी अशांति के कारण गोलीबारी हुई। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। इलाके के निवासी अभी भी दहशत में हैं। पुलिस तैनात कर दी गई है। पता चला है कि आईएसएफ 23 नवंबर को भांगड़ के पकापोल से सटे चयनी इलाके में रक्तदान शिविर लगाने वाला है। स्वाभाविक रूप से, इसकी तैयारियां ज़ोरों पर चल रही हैं। इस दिन, शाम को पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक रक्तदान शिविर के अवसर पर नौशाद सिद्दीकी की तस्वीर वाला एक द्वार बना रहे थे। बस यहीं से समस्या शुरू हुई। कथित तौर पर, तभी तृणमूल समर्थित उपद्रवियों ने आईएसएफ कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमला कर दिया। इससे इलाके में माहौल गरमा गया। कथित तौर पर, उसी समय गोलीबारी शुरू हुई। खबर मिलते ही पोलेरहाट थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। हालांकि, इलाका अभी भी अशांत है। पुलिस ने कहा कि शिकायत की जांच की जा रही है।

# बांग्लादेश में कैद काकद्वीप के मछुआरे की मौत, परिवार का जेल में यातना देने का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय जलसीमा पार करने के आरोप में बांग्लादेश की जेल में बंद काकद्वीप के मछुआरे बाबुल दास उर्फ बोबा की मौत हो गई। यह सूचना शनिवार को उनके परिजनों को प्राप्त हुई। परिवार ने आरोप लगाया है कि जेल में उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस कारण उनकी मृत्यु हुई। हालांकि बांग्लादेश हाई कमीशन ने प्रारंभिक जानकारी के आधार पर बताया है कि उनकी मृत्यु हृदयाघात से हुई है। बताया गया है कि इस साल 13 जुलाई को दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप से 'एफबी मंगलचंडी-38' और 'एफबी झड़' नामक दो ट्रॉलर गहरे समुद्र में मछली पकड़ने निकले थे। इस दौरान दोनों ट्रॉलर बांग्लादेश की जलसीमा में प्रवेश कर गए, जिसके चलते बांग्लादेश नौसेना ने 34 भारतीय मछुआरों सहित उन्हें गिरफ्तार कर मोंगला पोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। 15 जुलाई को बागेरहाट अदालत ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मृतक के भाई बसुदेव दास ने बताया कि हारवुड प्वाइंट तटीय थाना से उन्हें सबसे पहले मृत्यु की सूचना मिली। बाद में बांग्लादेश हाई कमीशन ने भी इसकी पुष्टि की। बसुदेव ने कहा कि उनके भाई को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी और वह पूर्णतः स्वस्थ थे। परिवार का आरोप है कि जेल में मारपीट या प्रताड़ना के कारण उनकी मौत हुई। परिजन ने शव को काकद्वीप लाकर पुनः पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। वहीं, इस घटना ने सीमा पार मछुआरों की सुरक्षा और उनके साथ होने वाले व्यवहार को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

# काम के दबाव से बिगड़ी हालत? कोलकाता में सुपरवाइजर दफ्तर में ही बीएलओ बेहोश

**कोलकाता :** काम के अत्यधिक दबाव का असर एक बार फिर सामने आया है। कोलकाता के बेल्घाटा क्षेत्र में एक बीएलओ (बूथ लेवल ऑफ़िसर) काम के दौरान अचानक अस्वस्थ होकर गिर पड़े। सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह बीएलओ अनिमेष को सुपरवाइज़र के कार्यालय में बुलाया गया था। वहां काम का विवरण समझते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद अन्य बीएलओ कर्मियों ने बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

कई बीएलओ कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सर का काम जल्द से जल्द पूरा करने के दबाव में वे मानसिक और शारीरिक तनाव झेल रहे हैं। उनका कहना है कि लगातार बढ़ती जिम्मेदारियों और समयसीमा के दबाव के कारण कई कर्मचारी बोझ महसूस कर रहे हैं।

अनिमेष के परिवार वालों ने भी यही आरोप दोहराते हुए कहा कि अत्यधिक काम का दबाव ही उनकी अचानक तबीयत बिगड़ने की वजह बना है। स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार, उन्हें फिलहाल निगरानी में रखा गया है।

घटना के सामने आने के बाद बीएलओ कर्मचारियों में नाराज़गी बढ़ गई है और वे उच्चाधिकारियों से काम का बोझ कम करने की मांग कर रहे हैं।

# डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज से लापता मरीज का शव नाले में मिला



**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज से लापता एक मरीज का शव तीन दिन बाद एक नाले में मिला। रविवार की सुबह से ही डायमंड हार्बर नगरपालिका के वार्ड 10 में इस घटना को लेकर हड़कंप मच गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम अर्जेद फकीर था। वह दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट थाना क्षेत्र के गोकर्णी गांव के निवासी थे। परिवार के अनुसार, 6 नवंबर को उनके बेटे ने उन्हें ब्रेन स्ट्रोक होने के बाद डायमंड हार्बर अस्पताल में भर्ती कराया था। कुछ दिन इलाज चलने के बाद उनकी तबीयत में थोड़ी सुधार भी हुई थी। लेकिन, 11 नवंबर की सुबह उनका बेटा जब अस्पताल में उन्हें देखने गया, तो वह बिस्तर पर नहीं थे। बेटे ने सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ की, लेकिन उन्हें भी कुछ पता नहीं चला। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने मरीज के लापता होने की सूचना डायमंड हार्बर थाने को दी, लेकिन अर्जेद का कोई पता नहीं चला। इस दिन, सुबह में वार्ड 10 में नाले के पास कचरा फेंकने गए लोगों ने वहां एक वृद्ध के शव को देखकर शोर मचाया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। जांच के बाद पता चला कि यह शव अस्पताल से लापता हुए अर्जेद फकीर का ही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दो दिनों से एक वृद्ध व्यक्ति को इलाके में बेहोशी की हालत में भटकते हुए देखा गया था। वह मानसिक रूप से अस्थिर लग रहे थे, और कोई उनकी पहचान नहीं जानता था। रविवार को उन्हें मृत पाया गया। पुलिस की प्रारंभिक आशंका है कि शौच करने के दौरान वह नाले में गिर पड़े होंगे, जिससे उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस जांच में जुट गई है।

# आर.जी.कर आर्थिक भ्रष्टाचार मामले में बयान रिकॉर्ड करने की तैयारी



**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े आर्थिक भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पूर्व अधीक्षक संदीप घोष की परेशानी और बढ़ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब जेल में जाकर उनका बयान दर्ज करने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में संदीप घोष प्रेसिडेंसी सुधारागार में बंद हैं, और ईडी ने वहीं जाकर उनका बयान रिकॉर्ड करने की अनुमति मांगी थी।

ईडी के जांच अधिकारियों ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट, 2002 की धारा 50 के तहत बयान रिकॉर्ड करने की अनुमति के लिए विशेष ईडी अदालत में आवेदन किया। अदालत ने इस आवेदन को मंजूरी दे दी है। अनुमति मिलने के बाद केंद्रीय एजेंसी संदीप घोष का बयान दर्ज करने के लिए आगे बढ़ रही है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी 14 दिसंबर को अदालत में संदीप घोष के बयान रिकॉर्डिंग से संबंधित पूरी जानकारी पेश करेगी। इस मामले में पहले से ही कई वित्तीय लेन-देन और कथित अनियमितताओं की जांच जारी है, और ईडी का यह कदम मामले को एक नए मोड़ पर ले जा सकता है।

# कोलकाता पुलिस ने ईडन गार्डन्स में क्रिकेट बेटिंग करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने शनिवार को ईडन गार्डन्स में टेस्ट मैच के दौरान मोबाइल फोन के जरिए क्रिकेट बेटिंग करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस इस रैकेट से जुड़े और लोगों के बारे में पता लगाने में जुटी हुई है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टेडियम के अंदर कुछ लोग मोबाइल फोन के जरिए क्रिकेट बेटिंग रैकेट चला रहे हैं। इस पर, पुलिस की एआरएस और डीडी टीम मौके पर गई और एफ1 ब्लॉक में संदिग्ध लोगों पर नजर रखी। थोड़ी ही देर में तीन लोगों को पकड़ लिया गया, जो लाइव मैच देखकर मोबाइल एप्स के जरिए बेटिंग कर रहे थे। हालांकि, इस दौरान कुछ लोग मौके से भागने में सफल रहे। पकड़े गए तीनों लोग अलग-अलग राज्यों से थे। गिरफ्तार आरोपियों के नाम महाराष्ट्र के यत्नाल जिले का निवासी अल्ताफ खान (26), बिहार के आरा जिले का निवासी अंकुश राज (22) और गुजरात के उंझा का निवासी पाटेल पिंकल कुमार (39) है। पुलिस ने जब तीनों आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए और कुछ संदिग्ध लेन-देन भी मिले। मौके पर ही इन लेन-देन की स्क्रीनशॉट्स ली गईं और उन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। रविवार को थाने में गैम्बलिंग और प्राइज कॉम्पिटीशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक ये लोग सिर्फ ईडन गार्डन्स तक ही सीमित नहीं थे। ये पूरे देश में क्रिकेट मैच के दौरान बेटिंग रैकेट चलाते थे। जानकारी के अनुसार, ये लोग बड़े स्तर पर सट्टा लगा रहे थे और इससे जुड़े लेन-देन भी मोबाइल ऐप्स के जरिए कर रहे थे। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है ताकि और लोगों को पकड़कर पूरे नेटवर्क को उजागर किया जा सके।

# दिल्ली बम धमाका : बंगाल तक पहुंची जांच, प्रेसीडेंसी जेल के कैदी से पूछताछ

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली में लाल किले के पास हुए आतंकी हमले की जांच पश्चिम बंगाल तक जा पहुंची है। सूत्रों ने रविवार को जानकारी दी कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में बंद एक आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी साबिर अहमद नदिया जिले के पलाशीपाड़ा इलाके का निवासी है। फिलहाल, वह ड्रग्स से जुड़े एक मामले में प्रेसीडेंसी जेल में बंद है। सूत्रों के अनुसार, अधिकारी आरोपी साबिर अहमद से जेल में बार-बार पूछताछ कर रहे हैं। आरोपी साबिर अहमद के भाई फैसल अहमद को गुरुवार की रात विशेष कार्य बल ने आतंकी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। माना जा रहा है कि भाई के आतंकी नेटवर्क से कथित संबंधों के बारे में जानकारी जुटाने के मकसद से अधिकारी लगातार साबिर अहमद से पूछताछ कर रहे हैं।

**Name Change**

I,ASMERI KHATOON(OLD NAME),WIFE OF NISAR AHMAD,RESIDING AT VILL-PALSAKHURD,PO-CHANDRADEEP,JAMUI-811301,BIHAR,HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS ASGARI KHATUN(NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 13/11/2025.ASMERI KHATOON AND ASGARI KHATUN BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

# तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने एसआईआर मुद्दे पर अनशन पर बैठे मतुआ समुदाय के लोगों से की मुलाकात




**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मतुआ समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की जो राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। राज्य के मंत्री शशि पांजा और स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तन्मय घोष के साथ उत्तर 24 परगना जिले में अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के मुख्यालय ठाकुरबाड़ी का दौरा किया और अनशन पर बैठे लोगों से मुलाकात की। एकजुटता व्यक्त करते हुए पांजा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मतदाता सूची से समुदाय का एक भी नाम नहीं हटने देगी। उन्होंने कहा कि हम एसआईआर से संबंधित मतुआ समुदाय की चिंताओं के संबंध में स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। आज हमने उन्हें बता दिया है कि हम अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे ताकि समुदाय का एक भी सदस्य, जो वास्तविक भारतीय नागरिक हैं, वह एसआईआर के कारण मताधिकार से वंचित न रहे।

# विधानसभा चुनाव से पहले असंगठित मजदूरों तक पहुंचने की तैयारी

## तृणमूल जनवरी में करेगी मेगा सभा

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों के बीच पैठ मजबूत करने की रणनीति पर काम शुरू कर चुकी है। पार्टी राज्यभर में विभिन्न क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों को केंद्र में रखकर श्रमिक सभाओं का आयोजन करेगी। यह अभियान कल से शुरू होगा और जनवरी तक लगातार छोटे-छोटे कार्यक्रम चलेंगे।

जानकारी के अनुसार, चा-वागान मजदूर, निर्माण श्रमिक, मछली उद्योग से जुड़े लोग, बिजली क्षेत्र के कर्मचारी-इन सभी वर्गों तक सीधा संपर्क ही तृणमूल का मुख्य लक्ष्य है। राज्य में लगभग ढाई करोड़ असंगठित क्षेत्र के मतदाता हैं और पार्टी इन्हें चुनावी समीकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा मान रही है।

जनवरी महीने में कोलकाता में एक मेगा सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें तृणमूल के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति तय मानी जा रही है। इस बड़े कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत दिए जा रहे लाभों का व्यापक प्रचार भी किया जाएगा।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · EDUCATION · OBITUARY
PROPERTY · NAME CHANGE · REMEMBRANCE
RECRUITMENT · PUBLIC NOTICE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# कोलकाता भारतीय तटरक्षक बल ने 29 मछुआरों समेत बांग्लादेशी ट्रॉलर पकड़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय तटरक्षक बल ने रविवार को कोलकाता में 29 मछुआरों सहित एक बांग्लादेशी ट्रॉलर को हिरासत में लिया। भारतीय तटरक्षक बल द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद सभी मछुआरों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। कोलकाता पुलिस ने भारतीय जलक्षेत्र में घुसने के आरोप में मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भारतीय तटरक्षक बल ने बंगाल की खाड़ी में गश्त के दौरान एक संदिग्ध ट्रॉलर देखा। इसके बाद, तटरक्षक बल उस ट्रॉलर के पास पहुंचे और पाया कि वह अंतर्राष्ट्रीय जल सीमा का उल्लंघन करके बांग्लादेश से आया था। ट्रॉलर में 29 मछुआरे सवार थे, जिन्हें शीघ्र ही हिरासत में ले लिया गया। बाद में, भारतीय तटरक्षक बल ने बांग्लादेशी मछुआरों को दक्षिण 24 परगना जिले के फ्रेजरगंज तट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। पुलिस के अधिकारियों ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि मछुआरे भारतीय जलक्षेत्र में कैसे घुस आए। आरोपियों को सोमवार को काकद्वीप उप-मंडल न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस आगे की पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगी। काकद्वीप मछुआरा संघ के सचिव सतीनाथ पात्रा ने कहा कि एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर भारतीय जल सीमा का उल्लंघन करके इस देश में घुस आया। यह मामला भारतीय तटरक्षक बल के संज्ञान में आया। इसके बाद, तटरक्षक बल ने 29 मछुआरों के साथ ट्रॉलर को हिरासत में ले लिया और उन्हें फ्रेजरगंज तट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी की हत्या कर कटा सिर लेकर घूमने वाला आरोपी दोषी करक

## 22 महीनों में आजीवन कारावास

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पोटाशपुर में पत्नी की हत्या कर उसका कटा हुआ सिर लेकर सड़क पर घूमने वाले आरोपी गौतम गुच्छाईत को काँथि महकमा अदालत ने आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। अदालत ने उस पर आर्थिक दंड भी लगाया है। जुर्माना न चुकाने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सज़ा तय की गई है। शनिवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शुभदीप चौधुरी ने सज़ा सुनाई।

घटना के 22 महीनों के भीतर अदालत ने गौतम को दोषी ठहरा दिया। इस मामले में 18 गवाहों की गवाही दर्ज की गई, जिनमें दो प्रत्यक्षदर्शी भी शामिल थे। बचाव पक्ष ने अदालत में दावा किया कि गौतम मानसिक रूप से अस्थिर है, लेकिन अदालत ने सबूतों और बयानबाजियों की विस्तृत जांच के बाद इस दावे को खारिज कर दिया। सरकारी वकील मंज़ूर रहमान ख़ान ने कहा कि पूर्व मेदिनीपुर में इससे अधिक जघन्य और नृशंस हत्या की घटना पहले नहीं देखी गई।

यह भयावह घटना 14 फरवरी 2024, वैलेंटाइन्स डे के दिन हुई थी। 26 वर्षीय फूलरानी गुच्छाईत की हत्या उसके पति गौतम ने की थी। फूलरानी पर परकिया संबंध होने का शक जताते हुए गौतम ने रसोईघर में धारदार हथियार से उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी। हत्या के बाद वह पत्नी का कटा सिर हाथ में लेकर पूरे गाँव में घूमता रहा। कभी सड़क किनारे खड़ा दिखाई देता था, तो कभी किसी बेंच पर सिर रखकर बैठ जाता था। उसके हाथ में खून से सनी कटारी भी थी।

सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव तथा कटा सिर बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जहाँ वह न्यायिक हिरासत में था।

फूलरानी के भाई प्रशांत दासअधिकारी ने कहा, मेरी बहन के साथ जैसा हुआ, उसके हिसाब से आजीवन कारावास पर्याप्त नहीं है। हम फाँसी की सज़ा चाहते हैं।

## महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने 3 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री का आंकड़ा पार किया

**कोलकाता :** महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने अब तक 3 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के साथ भारत की अग्रणी कमर्शियल ईवी निर्माता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। एमएलएमएमएल भारत की पहली ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) कंपनी है जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के जरिये कंपनी ने सतत परिवहन और नवाचार के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की मेनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुश्री सुमन मिश्रा ने कहा, 3 लाख ईवी की उपलब्धि हमारे लिए सतत गतिशी-लता की दिशा में एक गर्वपूर्ण क्षण है। यह हमारे ग्राहकों के भरोसे और विश्वास का प्रमाण है।

## हसनाबाद में तृणमूस समर्थकों पर आईएसएफ सदस्य की हत्या की कोशिश का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

आईएसएफ करने पर मारपीट व गला घोंटकर हत्या के प्रयास का आरोप तृणमूल पंचायत सदस्य और उसकी टीम पर लगा है। थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह उत्तर 24 परगना के हसनाबाद थाना अंतर्गत हरिपुर इलाके की घटना है। बताया जा रहा है कि आईएसएफ का सक्रिय सदस्य और हरिपुर इलाके का निवासी रहमत सरदार शनिवार की रात एक स्थानीय चाय की दुकान पर खड़ा था। तभी, तृणमूल पंचायत सदस्य सिराजुल गाजी और उसके साथी अचानक आए और कथित तौर पर रहमत सरदार के साथ गाली-गलौज की।

रहमत सरदार ने इसका विरोध किया तो पंचायत सदस्य सिराजुल गाजी और उसके साथी उस पर टूट पड़े। कथित तौर पर, उसने रहमत को चाय की दुकान के पीछे घसीटा और उसकी पिटाई की। इतना ही नहीं, सिराजुल ने कथित तौर पर अपना मफलर निकालकर रहमत के गले में लपेटकर उसे जान से मारने की कोशिश की। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग रहमत को बचाने दौड़े। फिर, उसे टाकी अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के बाद, उसे चार घंटे तक अस्पताल में निगरानी में रखा गया। बाद में, उसी रात हसनाबाद पुलिस स्टेशन में सिराजुल समेत तीन अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई।

# विवाहेतर संबंध के संदेह में पति ने पत्नी को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

## गृहिणी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

**बीरभूम :** जिले के नलहाटी में विवाहेतर संबंध के संदेह में एक पति ने पत्नी को नजदीक से गोली मारी। गृहिणी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम राजू खान है। जबकि, घायल महिला का नाम सीमा खान है। वह नलहाटी नगरपालिका के वार्ड 8 के कयालपाड़ा इलाके की निवासी है। बताया गया है कि उसकी शादी कई साल पहले राजू खान से हुई थी। सीमा का ब्यूटी पार्लर है। वह हर रात वहीं से घर लौटती है। शनिवार की रात, वह पार्लर से घर लौट रही थी। उस समय, उसके पति ने उसका



रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाती, उसने अपनी पत्नी पर बहुत करीब से गोली चला दी। बताया गया है कि लगातार चार गोलियां नजदीक से चलाई गईं। युवती को दो गोलियां हाथ में और दो कमर में लगीं। वह खून से लथपथ सड़क पर गिर गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने युवती को बचाया और उसे तुरंत अस्पताल ले गए। उसे रामपुरहाट सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि उसकी शारीरिक हालत गंभीर है। बाद में, पुलिस ने आरोपी राजू खान को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, पति ने अपनी पत्नी की हत्या क्यों की? लड़की के ससुराल वालों का आरोप है कि उसका सीमावर्ती इलाके के एक युवक से विवाहेतर संबंध था। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नदी के किनारे से दंपत्ति का शव बरामद होने से फैली सनसनी

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी के आशीघर मोड़ के पास साहू नदी के किनारे से रविवार की सुबह एक दंपत्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृत दंपति का नाम अनिमा बर्मन और तपन बर्मन है। दंपति भोलानाथ पारा इलाके के निवासी थे। अनिमा एक स्थानीय कारखाने में काम करती थी। जबकि, तपन बर्मन राजमिस्त्री का काम करता था। अनिमा बर्मन का रक्तरंजित शव नदी में मिला जबकि उसके पति तपन बर्मन का शव नदी से कुछ दूर जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार की शाम करीब छह बजे पति अपनी पत्नी को कारखाने से लेने गया था। तब से दोनों लापता थे। परिवार वालों ने रात में दोनों की तलाश की लेकिन वे नहीं मिले। रविवार की




सुबह थारोघाटी के पास साइकिल पाया गया। इसके बाद, स्थानीय लोगों को दोनों का शव मिला। महिला का गला कटा हुआ था। किसी को समझ नहीं आ रहा कि दोनों ने यह कदम क्यों उठाया। आशंका जतायी जा रही है कि पति ने पत्नी की हत्या करके आत्महत्या कर ली है। आशीघर चौकी की पुलिस ने दंपति के शव को बरामद कर उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया है।



बिधाननगर नगर निगम के प्रतिनिधि पिनाकी नंदी की पहल पर रविवार को गांति पौड़ बाजार इलाके में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तृणमूल सांसद सायोनी घोष उपस्थित रही। इस रक्तदान शिविर में लगभग 350 रक्तदाताओं ने भाग लिया।

## साल्टलेक के महिषबथान में बहुमंजिला इमारत से गिरकर व्यक्ति की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक सेक्टर 5 के महिषबथान स्थित एक बहुमंजिला इमारत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने की पुलिस घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार की दोपहर बहुमंजिला इमारत से फोन आया कि एक व्यक्ति ऊपर से गिर गया है। पुलिस ने जल्दी से जाकर शव को बरामद किया और उसे विधाननगर महकमा अस्पताल ले गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम अखिल कोठारी है। बताया गया है कि दोपहर में सातवीं मंजिल पर अपने कमरे की बालकनी की सफाई के दौरान गलती से वह गिरकर मर गया। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इसके पीछे कोई और कारण तो नहीं है। पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है।

## आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में लाभप्रदता में वापसी दर्ज की

**कोलकाता, समाज्ञा**

आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का स्टैंडअलोन राजस्व 148.70 करोड़ रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में 33% और वार्षिक आधार पर 47% की वृद्धि को दर्शाता है। इसी तिमाही में कंपनी का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 1.97 करोड़ रहा, जबकि पिछली तिमाही में नुकसान 1.79 करोड़ था। कर पश्चात लाभ (पीएटी) 1.45 करोड़ दर्ज किया गया, जो पिछली तिमाही के 1.39 करोड़ के नुकसान के मुकाबले सुधार है। कंसॉलिडेटेड आधार पर राजस्व 147.49 करोड़ और पीएटी 2.02 करोड़ रहा, जो पिछली तिमाही के नुकसान से वापसी का संकेत है।

कंपनी को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, स्वास्थ्य सेव-ाओं और लॉजिस्टिक क्षेत्रों में बढ़ती मांग का लाभ मिल रहा है। चेयरमैन और एमडी चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा कि लाभप्रदता में वापसी उनके अनुशासित संचालन और ग्राहक-केंद्रित रणनीति का परिणाम है। कंपनी का मजबूत ऑर्डर बुक और बहु-आयामी विस्तार योजनाएं भविष्य में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करेंगी।

## हावड़ा डिविजन ने शेउराफुली में फोर्ट्रेस टिकट जांच अभियान में 1046 अनियमितताएं पकड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिविजन ने 15 नवंबर को शेउराफुली रेलवे स्टेशन पर एक व्यापक फोर्ट्रेस टिकट जांच अभियान आयोजित किया। अभियान का उद्देश्य उपनगरीय सेक्शन में टिकटिंग अनुशासन को मजबूत करना और यात्रियों के लिए सहज एवं व्यवस्थित सेवाएं सुनिश्चित करना था।

इस अभियान का नेतृत्व असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर, हावड़ा कोचिंग ने किया, जबकि इसमें 64 टिकट चेकिंग स्टाफ, 15 कमर्शियल इंस्पेक्टर और 4 आरपीएफ कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। विशेष अभियान के दौरान अधिकारियों ने 1046 टिकट और व्यवहार संबंधी अनियमितताएं दर्ज कीं।



इनमें 748 मामले बिना टिकट यात्रा के, 227 मामले बिना बुक किए गए सामान के और 71 मामले स्टेशन परिसर और ट्रेनों में गंदगी फैलाने के पाए गए। रेलवे नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई और इससे उल्लेखनीय राजस्व की प्राप्ति भी हुई।

हावड़ा डिविजन ने एक बार फिर यात्रियों को सुरक्षित, अनुशासित और मित्रवत सेवाएं देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## मुर्शिदाबाद में तीन अलग-अलग स्थानों से भारी संख्या में बम बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले में रविवार को पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर लालगोला में तीन अलग-अलग जगहों से कुल 56 ताज़ा सॉकेट और सुतली बम बरामद किए। एक साथ इतने बमों की बरामदगी से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पहला ऑपरेशन मानिकचक के छोटा बटाला इलाके में किया गया। सबसे पहले, वहां एक जमीन के टुकड़े से 22 सॉकेट बम बरामद किए गए। फिर, अब्दुस सत्तार मेमोरियल कॉलेज के बगल में एक खाली मैदान से जार में भरे 28 ताज़ा सॉकेट और सुतली बम बरामद किए गए। तीसरा, नशीपुर श्मशान घाट के पास से भी 6 सुतली बम बरामद किए गए। बम बरामद होने के बाद पुलिस ने तीनों जगहों को घेर लिया। इसके बाद, बम निरोधक दस्ते को सूचित किया गया। और इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। ये बम कहां से आए? इन्हें कौन लाया? पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सुबह की सैर से लौट रही महिला से सोने की चेन स्नैचिंग, पुलिस ने 10 घंटे में सुलझाया मामला



**कोलकाता :** प्रगति मैदान थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुए स्नैचिंग केस में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए सिर्फ 10 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने की चेन बरामद कर ली। घटना सुबह 8 से 8.30 बजे के बीच हुई, जब रीना दास अपनी मॉर्निंग वॉक से लौटकर अपने घर पी-144, सेक्टर-ए, मेट्रोपॉलिटन के सामने खड़ी थीं। तभी तीन मोटरसाइकिल सवार बदमाश उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए।

मामला प्रगति मैदान थाना में प्राथमिकी नंबर 272, दिनांक 16.11.25, के तहत दर्ज किया गया। एएसएस/डीडी की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए। इस बीच पुलिस सूत्रों से बदमाशों की पहचान हो गई।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टंगरा क्षेत्र के मुस्लिम कैंप, 66 डी.सी. डे रोड के पास घेराबंदी की और निगरानी के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी स्क सबीर (21) और मोहम्मद दौलत उर्फ रोहित (24), दोनों उसी पते के निवासी हैं।

पूछताछ में दोनों ने अपराध कबूल किया और उनकी निशानदेही पर सोने की चेन सही-सलामत बरामद कर ली गई। दोनों आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश कर पीसी रिमांड की मांग की जाएगी।

## द हेरिटेज स्कूल में 'तारे जमीन पे' कार्निवल, 3000 से अधिक वंचित बच्चों के लिए उत्सव और आनंद





**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के द हेरिटेज स्कूल में 'तारे जमीन पे' कार्निवल का आयोजन किया गया, जिसमें 3,000 से अधिक वंचित बच्चों ने रचनात्मकता, उत्साह और आनंद से भरा एक दिन अनुभव किया। इस हृदयस्पर्शी और रंगीन कार्यक्रम का आयोजन राउंड टेबल इंडिया ने किया। इस पहल का नेतृत्व विनय राज अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में युवा पेशेवरों, उद्यमियों और व्यवसायिक नेताओं ने बच्चों को यादगार बचपन देने और समाज में समावेशिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। स्कूल के प्रांगण में संगीत, रंग-बिरंगी सजावट, खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतियोगिताएं और उत्सव जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे माहौल जीवंत और उत्साहपूर्ण बना। इस कार्निवल का उद्देश्य समानता, सहानुभूति और करुणा का संदेश फैलाना और सामाजिक बाधाओं को तोड़ना था।

कोलकाता राउंड टेबल 227 के अध्यक्ष विनय राज अग्रवाल ने कहा कि 'तारे जमीन पे' कार्यक्रम के माध्यम से हर बच्चे को सम्मान, प्यार और अवसर देने का उद्देश्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायिक घराने और कॉर्पोरेट इस पहल में शामिल होकर सामुदायिक सहयोग की ताकत दिखा रहे हैं।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम मानवता का उत्सव है और हर बच्चे के लिए खुशी और प्रेरणा का स्रोत है। हेरिटेज स्कूल के शिक्षक, छात्र और स्वयंसेवक भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस पहल ने कोलकाता की सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की संस्कृति को फिर से उजागर किया।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत छह बच्चों को सुरक्षित बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिविजन की आरपीएफ की टीम ने 15 नवंबर को ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत छह नाबालिग लड़कों को सुरक्षित बचाने में सफलता हासिल की। ये बच्चे आसनसोल, डुमका और सिमुलतला रेलवे स्टेशनों तथा विभिन्न ट्रेनों से ट्रेस किए गए और उन्हें तुरंत संबंधित चाइल्डलाइन अधिकारियों को सौंप दिया गया, ताकि उनकी आगे की देखभाल और काउंसलिंग सुनिश्चित की जा सके। बचाए गए बच्चों में से चार बच्चे ट्रेन नंबर 19436 (अहमदाबाद वीकली एक्सप्रेस) में अकेले यात्रा कर रहे थे, जबकि उनका कोई अभिभावक मौजूद नहीं था। एक बच्चा पारिवारिक समस्याओं के कारण घर से भागा हुआ था, और एक अन्य बच्चा ट्रेन नंबर 13207 (पटना मेमू एक्सप्रेस) में बिना किसी दिशा के भटक रहा था। आरपीएफ की तेज और सतर्क कार्रवाई ने इन सभी छह नाबालिगों को समय पर सुरक्षित बचाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एसआईआर के कथित आतंक से बेलडांगा में वृद्धा ने की आत्महत्या

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में एसआईआर के कथित आतंक से एक और मौत हो गई। एक बुजुर्ग महिला ने चलती ट्रेन के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में हुई। मृतका की पहचान शकीला बीबी (55) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शकीला बीबी बेलडांगा थाना क्षेत्र के सरुलिया इलाके की निवासी थीं। राज्य में एसआईआर शुरू होने पर वह कथित तौर पर घबरा गई थीं। शकीला बीबी का



नाम 2002 की मतदाता सूची में है। लेकिन आरोप है कि उनके पति का नाम सूची में गलत था। इस बीच, उनके पति की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी थी। क्या पति का नाम गलत होने से उन्हें परेशानी नहीं होगी? क्या उनका नाम एसआईआर से नहीं छूटेगा? ऐसा आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से शकीला बीबी को यही घबराहट खाए जा रही है। बताया जा रहा है कि वह इस मामले की जानकारी लेने के लिए कई बार स्थानीय पंचायत सदस्य के पास गयी थी। उसे चिंता करने की कोई बात नहीं थी, पंचायत सदस्य और अन्य लोगों ने उसे इस बात का आश्वासन भी दिया था। फिर भी, आरोप है कि वह अभी भी डरी हुई थी। परिवार वालों का आरोप है कि रविवार की सुबह वह घर से निकली और रेलवे ट्रैक पर चली गयी। चलती ट्रेन के नीचे कूदकर उसने अपनी जान दे दी। खबर मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

## आरपीएफ ने मिशन सेवा के तहत पांच बीमार यात्रियों को समय पर सहायता प्रदान की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए 15 नवंबर को मिशन सेवा के तहत पांच घायल और बीमार यात्रियों को समय पर मदद प्रदान की। बचाए गए यात्रियों में से चार-पुरुष और महिला दोनों-को बर्दवान, हृदयपुर-मध्यमग्राम, विद्यानगर-दमदम और धौनी-बरहत रेलवे स्टेशनों के बीच घायल अवस्था में पाया गया। इसके अलावा, एक महिला यात्री को ट्रेन नंबर 12344 (दार्जिलिंग मेल) में यात्रा करते समय बोलपुर रेलवे स्टेशन पर बीमार पाया गया। आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी पांच यात्रियों को नजदीकी सरकारी अस्पतालों में स्थानांतरित किया, ताकि उन्हें



आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## यादों की कहानी है चिट्ठियां : डॉ. तारा दूगड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'शब्द कागजों पर उतरकर कहानी बन जाते हैं, समय को पार कर भावात्मक यात्रा को जिंदा रखती है चिट्ठियां। शब्दों में व्यक्त यह दो दिलों की एक कहानी होती है चिट्ठियां। यूं यादों को कागज पर उतारना एक नया रास्ता बनाता है।' ये उद्गार है साहित्य विदुषी डॉ तारा दूगड़ के जो रविवार को भारतीय संस्कृति संसद द्वारा अपने सभागार में आयोजित नाटक 'चिट्ठियां का सफर' के अवसर पर बतौर रचना शिल्पकार बोल रही थी। प्रस्तुत नाटक में 29 साल पुरानी प्रेम कहानी को माध्यम बनाकर दो दिलों की धड़कनों को उजागर किया है। इसमें संवेदना, उद्वेग और प्रेम पगे विचारों का आदान-प्रदान बहुत सुंदर ढंग से प्रतिपादित किया गया है। इस नाटक की अवधारणा व प्रस्तुति में डॉ तारा दूगड़ का



रचनात्मक सहयोग सराहनीय था। धन्यवाद ज्ञापन किया विजय झुनझुनवाला ने। इस सशक्त नाटक के पात्र थे- सुशांतगोपाल सुरेका, कृशांग अग्रवाल, शरण्या दूगड़, रोहित दूगड़, ऋचा अग्रवाल, प्रमित घोष, रितिका भरानी एवं हर्ष दूगड़। नाटक के रचनाकार एवं निर्देशक थे कार्तिकेय त्रिपाठी। कार्यक्रम में रतन शाह, राजगोपाल सुरेका, बंशीधर शर्मा, राजेश दूगड़, केतन सतनालीवाला, सुशीला केजरीवाल, शकुन्तला पाटनी, मनीषा सुरेका, गायत्री शाह, नीलम सेठिया एवं युवा पीढ़ी के बहुत सारे उदीयमान बच्चे भी उपस्थित थे।

# तृणमूल सांसद के विवादित बयान का भाजपा सांसद ने दिया करारा जवाब



**हुगली :** हुगली जिले के मगरा में आए भाजपा सांसद जयनाथ सरकार ने तृणमूल सांसद के बयानों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और पीएम मोदी को पर असवैधानिक बयान दिया। जयनाथ सरकार ने कहा, कल्याण बनर्जी बेहद असभ्य व्यक्ति हैं, ऐसे लोगों का तृणमूल में ही स्थान है। वह अब पागल हो चुके हैं। राज्य भवन में बम और पिस्तौल कौन ले जा रहा है, इसकी जांच पुलिस को करनी चाहिए। जो बातें वह कह रहे हैं, वे बेहद आपत्तिजनक और असंवैधानिक हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि सांसद होने का मतलब यह नहीं कि कोई मनमानी बयानबाजी करे। उन्हें गिरफ्तार कर जांच की जानी चाहिए। राज्यपाल किससे मिलेंगे या नहीं मिलेंगे, यह उनका व्यक्तिगत अधिकार है। इस पूरे मामले की जिम्मेदारी पश्चिम बंगाल पुलिस की है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राज्य की पुलिस भाजपा के खिलाफ काम कर रही है? ऐसा लगता है कि पुलिस अब तृणमूल की कठपुतली बन चुकी है। जयनाथ सरकार ने चेतावनी देते हुए कहा कि कल्याण बनर्जी अगर अपने आरोपों के सबूत नहीं दे पाते, तो पुलिस को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन पर कई गंभीर आरोप हैं कि उन्होंने विदेशी उद्योगपतियों से पैसे लेकर संसद में सवाल पूछे। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा मिलनी चाहिए।

राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी हमला बोलते हुए भाजपा सांसद ने कहा ममता बनर्जी ने बंगाल में मदरसों को मान्यता दी है, जो देशविरोधी मानसिकता को बढ़ावा देती है। भारतीय नामों को हटाकर अरबी नामों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह 'ग्रेटर बांग्लादेश' की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, ममता बनर्जी अब मंत्र भी गलत बोलती हैं, खुद को सर्वज्ञ समझती हैं। उनकी तस्वीरें अब बिकती नहीं। 'हम्बा हम्बा, राम्बा राम्बा' जैसे उनके बयान अब लोगों के लिए मजाक बन चुके हैं। शिक्षक नियुक्ति घोटाले को लेकर उन्होंने कहा कि तृणमूल सरकार अयोग्य लोगों को बचाने के लिए 26 हजार योग्य शिक्षकों की बलि दे रही है। ऐसे काम केवल ममता बनर्जी ही कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रीरामपुर लोकसभा सीट से सांसद कल्याण बनर्जी ने एक विस्फोटक बयान दिया जिसमे उन्होंने पीएम मोदी पर दिल्ली ब्लास्ट का कथित आरोप लगाया। दिल्ली में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हादसे में कई निर्दोष लोगों की मौत हुई है, और सुरक्षा एजेंसियां पूरे जोर-शोर से जांच में जुटी हैं। इसी बीच, तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लेते हुए एक विवादित बयान दे डाला है। हुगली जिले के श्रीरामपुर से तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा जिस व्यक्ति ने भारत को लोकतंत्रविहीन बना दिया है, जिसकी वजह से देश में सैकड़ों लोग मर रहे हैं, जो चुनाव से पहले लालकिले की गाड़ी में बम रखकर धमाका करवाकर जीतता है उस प्रधानमंत्री की बातों का कोई महत्व नहीं है। यह जंगल राज प्रधानमंत्री ने खुद बनाया है।

उन्होंने आगे कहा जब आप गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी हत्याएं हुईं। अब आप मध्य प्रदेश और दिल्ली में जंगल राज चला रहे हैं। इसके मुकाबले बंगाल के लोग कहीं बेहतर स्थिति में हैं। सांसद ने चेतावनी भरे लहजे में कहा 2020 में आपने कई बड़ी-बड़ी बातें कही थीं, लेकिन 2026 में बंगाल की जनता आपको ऐसा जवाब देगी कि आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी नहीं रह पाएगी। कल्याण बनर्जी के इस बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। भाजपा नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री के प्रति बेहद आपत्तिजनक बताया है और कहा है कि तृणमूल सांसद का यह बयान देश की संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन है।

# 'जेल से वसूली रैकेट चला रहे तृणमूल विधायक जीवन साहा', शुभेंदु अधिकारी का बड़ा आरोप

**❑ कहा... 'ममता के शासन में जेलें तृणमूल के दफ्तरों में बदल गई हैं'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक नियुक्ति घोटाला एक बार फिर सुर्खियों में हैं। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा वार किया और आरोप लगाया कि पार्टी के विधायक जीवन कृष्ण साहा जेल के भीतर से ही जबरन वसूली और भ्रष्टाचार का नेटवर्क चला रहे हैं। इस दिन, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर की गई पोस्ट में शुभेंदु अधिकारी ने साहा को 'स्कैमर' और 'जेलबर्ड' बताते हुए दावा किया कि वे जेल में बैठकर 'ब्राइब की डील, फर्जी भर्ती और तेजी से अपात्र शिक्षकों की नियुक्ति' जारी रखे हुए हैं। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, यह उन युवाओं के साथ धोखा है जो अपने भविष्य के लिए मेहनत कर रहे हैं। भाडपा नेता ने लिखा कि जीवन साहा जेल के अंदर से 'डील कर रहे हैं, रिश्वत ले रहे हैं, और फर्जी शिक्षक भर्तियों को फास्ट-ट्रैक कर रहे हैं'। उन्होंने इस कृत्य को उन ईमानदार नागरिकों के साथ धोखा बताया जो 'अपने बच्चों के भविष्य के लिए पसीना और खून बहा रहे हैं'। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही तृणमूल का 'ईमानदारी का मॉडल' है? उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की जेलें तृणमूल नेताओं के लिए 'ऑपरेशन रूम' बन चुकी है, जहां से वे घोटाले चलाते हैं। भाजपा नेता ने यह भी याद दिलाया कि साहा को सीबीआई द्वारा शिक्षक भर्ती घोटाले में पहले भी दो बार गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने दो अलग-अलग मौकों पर कैमरे पर अपना मोबाइल फोन फेंककर सबूत नष्ट करने की कोशिश की थी। भाजपा नेता के अनुसार, जीवन साहा, अब अपनी पार्टी के भ्रष्ट सिंडिकेट द्वारा सुरक्षित, नौकरी चाहने वाले परिवारों का शोषण फिर से शुरू कर चुके हैं। शुभेंदु अधिकारी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से इस आरोपों से जुड़े वॉयस सैंपल की तत्काल जांच करने का आग्रह किया और यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो शिक्षक भर्ती घोटाले के सभी मामलों को पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने जेल अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की, जिन पर उन्होंने अवैध गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने का आरोप लगाते हुए उनके आचरण को कम से कम आपराधिक लापरवाही, या बदतर स्थिति में मिलीभगत बताया।

## नदिया में भारी संख्या में नकली उत्पाद जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के गंगनापुर थाना इलाके में गत 5 नवंबर को रेकिट बेंकिजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इम्पैक्टिव ब्रांड सॉल्यूशंस एलएलपी द्वारा एक छापा मारा गया। इस छापे में दो जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें एक निर्माता और एक स्टॉकिस्ट शामिल था। इस दौरान दोनों स्थानों से भारी संख्या में नकली उत्पाद जैसे हार्पिक हैंडवॉश, डेटॉल फ्लोर क्लीनर और लाइज़ोल के बरामद किए गए। साथ ही, आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने सभी नकली उत्पाद जब्त कर लिए।

## उलूबेड़िया की मुंबई रोड पर भीषण ट्रक दुर्घटना, 1 की मौत, 3 घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के उलुबेड़िया की मुंबई रोड पर शनिवार रात एक भीषण ट्रक दुर्घटना हुई। दो ट्रकों के आमने-सामने टकराने से एक चालक की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उलुबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मुंबई रोड पर मन्सातला उड़ालपुल के पास कोलकाता की ओर जा रहे एक कंटेनर ट्रक का नियंत्रण अचानक टूट गया और वह डिवाइडर से टकरा गया। तेज रफ्तार के कारण ट्रक डिवाइडर पार करके कोलाघाट की ओर जाने वाली लेन में चला गया। उसी समय उस लेन से आ रहा एक अन्य ट्रक उससे टकरा गया।



टक्कर में दोनों ट्रकों के चालक और दो अन्य लोग फंस गए। जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्तियों को उलुबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित किया, जो कि हादसे का चालक था। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है।

## हावड़ा नगर निगम में एक दिसम्बर से ऑनलाइन म्यूटेशन

**हावड़ा, समाज्ञा :** एक दिसंबर से हावड़ा नगर निगम ऑनलाइन म्यूटेशन प्रकिया शुरू करने जा रहा है। यह जानकारी निगम आयुक्त वंदना पोखरीवाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि अब म्यूटेशन कराने के लिए बोरो ऑफिस या निगम मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। ऑनलाइन के माध्यम से लोग आवेदन कर सकते हैं। म्यूटेशन के लिए आवदेनकर्ता : https://wburbanservices.org। पर अपनी कागजात अपलोड कर म्यूटेशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। अगर किसी को यह प्रकिया समझने में परेशानी होती है, तो वह बोरो ऑफिस व निगम मुख्यालय में आकर संबंधित विभाग से संपर्क कर लें। साथ ही, निगम ने इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 7001531503' पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं।

# एनसीसी के एडीजी ने सिलीगुड़ी में एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में कैडेटों का बढ़ाया मनोबल



**कोलकाता, समाज्ञा :** एनसीसी के बंगाल और सिक्किम निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल ने शनिवार को सिलीगुड़ी में एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में भाग लिया और कैडेटों का उत्साहवद्र्धन किया। एनसीसी निदेशालय द्वारा रविवार को एक बयान में बताया गया कि एडीजी ने इस दौरान बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नागालैंड के एनसीसी कैडेटों के साथ बातचीत करते हुए उनके त्रुटिहीन अभ्यास, बहुरंगी सांस्कृतिक प्रदर्शनों और भारत की विविध विरासत को शानदार तरीके से प्रस्तुत करने के लिए उनकी सराहना की। विज्ञान पार्क और तारामंडल में परिवर्तनकारी अनुभवों, शैक्षिक यात्राओं और जोशीले प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए एडीजी ने 61 बंगाल बटालियन एनसीसी की सराहना की। उन्होंने देश की सीमाओं पर सामुदायिक जीवन और सांस्कृतिक मेलजोल को बढ़ावा देने में शिविर की भूमिका की भी सराहना की। इस दौरान सम्मान समारोह में एडीजी ने अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले कैडेटों और एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। एडीजी ने कैडेटों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन भी किया और उनके साथ खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने उनकी उत्कृष्ट टीम भावना की प्रशंसा की और उनसे आग्रह किया कि वे इस सौहार्द को अपने-अपने क्षेत्र में भी प्रसारित करें।

## प्रगति मैदान में चोरी की घटना, पुलिस ने 10 घंटे में पकड़े आरोपी

कोलकाता, समाज्ञा

प्रगति मैदान थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर जा रही एक महिला से उसकी सोने की चेन छीने जाने की घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और सुरागों का पालन करते हुए 10 घंटे के अंदर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि चोरी हुई सोने की चेन सुरक्षित रूप से उसके असली मालिक को वापस कर दी गई है। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और तेज प्रतिक्रिया को दर्शाती है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी कीमती वस्तुएं सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# पूर्वी आर्मी कमांडर ने उत्तरी सीमाओं पर तैयारियों की समीक्षा की, सैनिकों का बढ़ाया मनोबल

**❑ क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति तथा वायुसेना और आइटीबीपी के साथ संयुक्त प्रशिक्षण का भी जायजा लिया**



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेना की पूर्वी कमान के कमांडर (जनरल आफिसर कमांडिंग- इन- चीफ) लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश में स्पीयर कोर के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा कर चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे उत्तरी सीमाओं पर आपरेशनल तैयारियों की गहन समीक्षा की। कोलकाता में पूर्वी कमान मुख्यालय की ओर से शनिवार को एक बयान में बताया गया कि आर्मी कमांडर ने इस दौरान क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति तथा भारतीय वायुसेना और आइटीबीपी के साथ चल रहे संयुक्त प्रशिक्षण की भी समीक्षा की। आर्मी कमांडर ने इस यात्रा में दुर्गम व संवेदनशील पूर्वी मोर्चे पर तैनात सैनिकों से भी बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया। इस यात्रा के दौरान सेना कमांडर को नवीनतम परिचालन विकास और भारतीय सेना, वायु सेना और आइटीबीपी के बीच निर्बाध समन्वय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने एकीकृत प्रशिक्षण माड्यूल के प्रदर्शनों को भी देखा, जिसमें आधुनिक हथियार प्रणालियों, निगरानी प्रणालियों और प्रौद्योगिकी-संचालित परिचालन उपकरणों के प्रभावी उपयोग को दर्शाया गया।

अग्रिम स्थानों पर तैनात सैनिकों ने अपने युद्ध अभ्यास और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए असाधारण उत्साह, अनुशासन और सामरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों ने विविध भू-भागीय परिस्थितियों में संचालन करने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का त्वरित प्रतिक्रिया देने की उनकी बढ़ी हुई क्षमता को उजागर किया। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने स्पीयर कोर के सभी रैंकों के कर्मियों के समर्पण, मनोबल और प्रशिक्षण मानकों की सराहना की। उन्होंने एक मजबूत और उत्तरदायी परिचालन स्थिति बनाए रखने के लिए निरंतर कौशल विकास, एकजुटता और आधुनिक तकनीक का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया।

# कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी का 135वां वार्षिक अधिवेशन एवं गोपाष्टमी स्नेह-मिलन महोत्सव




मंच पर ट्रस्टीगण सर्वश्री पद्मश्री सज्जन भजनका, सजन कुमार बंसल, विश्वनाथ सेक्सरीया, पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल, सुरेश बंसल, अध्यक्ष रमेश सरावगी, महामंत्री पवन कुमार टिबडेवाला, उपाध्यक्ष देवकीनंदन तोदी, गोपाल टांटिया, चुनाव आयुक्त रमेश माहेश्वरी एवं संचालक सुरेंद्र चमडिया परिलक्षित है।

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी का 135वां वार्षिक अधिवेशन रविवार, 16 नवंबर 2025 को एकल भवन सभागार में सुसंपन्न हुआ। सभा मंच पर ट्रस्टीगण पद्मश्री सज्जन भजनका, सजन कुमार बंसल, विश्वनाथ सेक्सरीया, संरक्षक सुरेश बंसल, अध्यक्ष रमेश सरावगी, महामंत्री पवन टिबडेवाला, उपाध्यक्ष देवकीनंदन तोदी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल, गोपाल टांटिया, निर्वाचन अधिकारी रमेश माहेश्वरी उपस्थित रहे। तीन बार ओंकार ध्वनि, गौमाता की फोटो पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर अधिवेशन शुरू किया गया। उद्घोषक सुरेंद्र चमडिया द्वारा गोवंदना प्रस्तुत की गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष रमेश सरावगी ने उपस्थित सदस्यो का अभिवादन किया, फिर महामंत्री पवन टिबडेवाल ने सोसाइटी का 135वां प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से पूरे वर्ष भर के सभी गोसेवी कार्यकलापों की तथा सभी शाखाओं में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात सोसाइटी के चुनाव आयुक्त रमेश माहेश्वरी ने सर्वसम्मति से चुनी हुई नई कार्यकारिणी सदस्यों में समिति की घोषणा की जिसे पूरे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। वर्तमान अध्यक्ष तथा महामंत्री का एकमत से पुनर्निवाचन किया गया। ट्रस्ट बोर्ड का विस्तार करते हुए इसमें पद्मश्री प्रह्लादराय अग्रवाल एवं सुरेश बंसल का नाम सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा गोपाल टांटिया का नाम सोसाइटी उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से पारित किया गया। ट्रस्टी श्री भजनका जी ने अपने अभिभाषण में सभी उपस्थित सदस्यों कोएकजुट होकर गौसेवा करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सोसाइटी को अपना तन मन धन से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। ट्रस्टी सजन कुमार बंसल ने नई टीम को बधाइयां देते हुए सभी से गौसेवा श्रृंखला को मजबूती से आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। उपाध्यक्ष देवकीनंदन तोदी ने सदस्यों से गौसेवा पात्र को सभी गौभक्तों के घर पर रखने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित सभी सदस्यों द्वारा गौसेवा के कार्य को ओर अधिक ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए सभी ने एकमत से संकल्प किया।

इस अधिवेशन के तुरंत बाद उसी सभागार में 141 वें गोपाष्टमी मेले में आयोजित 135 गौपूजन केंद्र के प्रभारियों के साथ एक स्नेह मिलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें असंख्य गौभक्तों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सामूहिक गोवंदना के पश्चात सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश सरावगी एवं महामंत्री पवन टिबडेवाल ने सभी उपस्थित गौभक्तों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके द्वारा गोपाष्टमी मेला 2025 में किए गए सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। मेला संयोजक एवं उपाध्यक्ष देवकीनंदन तोदी द्वारा इस वर्ष के गोपाष्टमी मेले की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई।

मुख्य प्रभारी सर्वश्री बिमल मलावत, राजकमल बांगड़, मनोज लुहारीवाला, कमल गुप्ता ने अपने अपने प्रभार के उपस्थित गौसेवकों से सबका परिचय कराते हुए सभी से सिर्फ गोपाष्टमी के समय ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष भर, सब समय चलने वाले दैनिक गोसेवा कार्यों से अपने समय, सामर्थ तथा सुविधा अनुसार सीधे जुड़ने की अपील की गई। पदाधिकारियों द्वारा सभी उपस्थिति गोभक्तों से वार्षिक गौसेवा संरक्षण योजना एवं गौग्रास पात्र योजना में ज्यादा से ज्यादा अपने व्यक्तिगत संपर्क के लोगों को जोड़ने कर इस सेवा श्रृंखला की बृहद रूप देने की अपील की गई। इसके अलावा युवा तथा महिलाओं को भी गौसेवा से सीधा जोड़ने पर बल दिया गया। साल्टलेक आईबी पार्क के मुख्य प्रभारी अनुराग गुप्ता कैंप एवं अन्य कई कैंपों के प्रभारियों ने अपने सुखद अनुभव साझा किये। सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र चमडिया ने बताया कि इस स्नेह मिलन के अंतिम चरण में सभी सहयोगी गौपूजन केंद्र प्रभारियों को उनके द्वारा दी गई उत्कृष्ट एवं अमूल्य गौसेवा के लिए उनको व्यक्तिगत रूप से सोसाइटी द्वारा गौसेवा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में सामूहिक शांतिमंत्र के साथ कार्यक्रम का विराम कर सभी ने स्नेहमिलन गोष्ठी के स्वरूचि-भोज का मिलकर आनंद लिया।

## विदेश की खबरें

# जयशंकर ने कतर के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की; द्विपक्षीय संबंध, वैश्विक मुद्दों पर की चर्चा



**दोहा :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को यहां कतर के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की और ऊर्जा एवं व्यापार सहित द्विपक्षीय संबंध के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की। जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी के साथ बैठक की तथा कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से भी मुलाकात की। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा, ''दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अल थानी से मिलकर खुशी हुई।'' उन्होंने कहा, ''ऊर्जा, व्यापार, निवेश और लोगों के बीच संपर्क सहित हमारी रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की गई। पश्चिम एशिया, क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों के आदान-प्रदान की सराहना की गई।'' सरकारी कतर समाचार एजेंसी के अनुसार, दोनों समकक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक अलग पोस्ट में कहा कि उन्होंने कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से भी मुलाकात की और ''भारत-कतर संबंधों को मज़बूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।'' उन्होंने कहा, ''सहयोग बढ़ाने और नये अवसरों की खोज पर उनके मार्गदर्शन की सराहना करता हूं।'' विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2023-24 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 14.08 अरब अमेरिकी डॉलर था।

## ईरान अब किसी भी स्थान पर यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है: ईरानी विदेश मंत्री

**तेहरान :** ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार को कहा कि तेहरान अब देश के किसी भी स्थल पर यूरेनियम संवर्द्धन नहीं कर रहा है।विदेश मंत्री ने इसके जरिये पश्चिमी देशों को यह संकेत देने का प्रयास किया है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर संभावित वार्ताओं के लिए अभी भी तैयार है। ईरान की यात्रा पर आए 'एसोसिएटेड प्रेस' के एक संवाददाता के प्रश्न के जवाब में, विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जून में इज़राइल और अमेरिका द्वारा उसके संवर्धन स्थलों पर की गई बमबारी के बाद, ईरानी सरकार की परमाणु कार्यक्रम पर अब तक की सबसे सीधी प्रतिक्रिया दी। अराघची ने कहा, ''ईरान में गुप्त रूप से कोई परमाणु संवर्धन नहीं हो रहा है। हमारी सभी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की सुरक्षा व्यवस्थाओं और निगरानी के तहत हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस समय कोई संवर्धन नहीं हो रहा है, क्योंकि हमारी सुविधाओं पर हमला किया गया है।'' ईरान का कहना है कि निशाना बनाए गए इन स्थलों तक पहुंचने को लेकर उसे धमकी दी जा रही है यह पूछे जाने पर कि ईरान को अमेरिका और अन्य देशों के साथ वार्ता जारी रखने के लिए क्या करना होगा, अराघची ने कहा कि अपने परमाणु कार्यक्रम पर ईरान का संदेश स्पष्ट है। विदेश मंत्री ने कहा, ईरान का परमाणु संवर्धन, परमाणु प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण उपयोग का अधिकार, जिसमें संवर्धन भी शामिल है, निर्विवाद है।विदेश मंत्री ने कहा, ''परमाणु तकनीक के शांतिपूर्ण उपयोग, जिसमें संवर्धन भी शामिल है, के ईरान के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता।''

## हसीना के खिलाफ न्यायाधिकरण के फैसले से पहले बांग्लादेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई




**ढाका :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरुद्ध मानवता के खिलाफ कथित अपराधों को लेकर विशेष न्यायाधिकरण के फैसले से एक दिन पहले रविवार को देश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस को हिंसक प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिया गया है। अभियोजन पक्ष ने रविवार को हसीना के लिए मौत की सजा की मांग दोहराई। बांग्लादेश का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) सोमवार को 78 वर्षीय हसीना के खिलाफ फैसला सुनाएगा। इस मामले की सुनवाई उनके गैर हाजिर रहने के दौरान हुई। आईसीटी-बीडी के अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने संवाददाताओं को से कहा, ''हमने हसीना के लिए यथासंभव अधिकतम सजा की मांग की है। इसके अतिरिक्त, हमने दोषी की संपत्ति जब्त करने और उसे (पिछले साल के प्रदर्शन के दौरान) शहीदों और घायलों के परिवारों में वितरित करने का अनुरोध किया है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### मथुरा में सनातन एकता पद यात्रा में शामिल हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

**मथुरा:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को पंडित धीरेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में सनातन एकता पद यात्रा में शामिल हुए। यात्रा जब मथुरा से गुजर रही थी तब यादव उसमें शामिल हुए और सड़क पर बैठकर शास्त्री के साथ भोजन करते नजर आये। वह लगभग एक घंटे तक यात्रा में शामिल रहे। सनातन एकता पद यात्रा गत सात नवंबर को दिल्ली से शुरू हुई और हरियाणा होते हुए रविवार को वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में समाप्त हुई। इससे पहले, बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, अभिनेता राजपाल यादव, गायक जुबिन नौटियाल सहित कई हस्तियों ने इस यात्रा में भाग लिया।

### अयोध्या में कंटेनर की टक्कर से पिकअप गाड़ी में सवार दो लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने एक खड़ी पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अयोध्या से लखनऊ जा रही पिकअप गाड़ी रौनाही थाना क्षेत्र में लखौरी ओवरब्रिज और बिजली भवानी धार्मिक स्थल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर खराब हो गई थी। उसका चालक खराबी का निरीक्षण करने के लिए रुका था और मौके पर पहुंचे एक डीसीएम चालक से मदद मांगी। जब दोनों चालक पिकअप गाड़ी की जांच कर रहे थे, तभी कंटेनर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी।

### संभल में मस्जिद प्रबंध समिति के दो सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित शाही जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के दो सदस्यों के खिलाफ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने और सर्वेक्षण के दौरान उन्हें मुख्य गुंबद में प्रवेश करने से रोकने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि संभल थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविद् विनोद सिंह रावत का कहना है कि एएसआई के मेरठ सर्कल की एक टीम ने आठ अक्टूबर को संरक्षण कार्य से संबंधित निरीक्षण के लिए संभल स्थित शाही जामा मस्जिद का दौरा किया था। इस दौरान समिति के कर्मचारी हाफिज ने मोहम्मद काशिफ खान नामक व्यक्ति को मौके पर बुलाया और दोनों ने एएसआई टीम को मस्जिद के मुख्य गुंबद में प्रवेश करने से रोक दिया।

### जोधपुर जिले में टेंपो की ट्रक से भिड़ंत, छह लोगों की मौत और 14 अन्य घायल

**जयपुर:** जोधपुर जिले में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग के जोधपुर-बालेसर खंड पर श्रद्धालुओं को ले जा रहा टेंपो अनाज की बोरियों से भरे ट्रक से टकरा गया। यह दुर्घटना खारी बेरी गांव के पास हुई। बालेसर के थाना प्रभारी मूलसिंह भाटी ने बताया कि गुजरात के बनासकांठा और धनसुरा इलाके से लगभग 20 तीर्थयात्रियों को लेकर रामदेवरा जा रहे टेंपो को विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। भाटी ने कहा, ''तीन महिलाओं और तीन अन्य की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव बालेसर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिए गए हैं। 14 घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जोधपुर के एमडीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया।' मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### बिहार के हाजीपुर में हॉस्टल में सात साल के बच्चे की हत्या

**वैशाली:** बिहार के वैशाली जिले में रविवार को एक सात वर्षीय लड़के की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि लड़के का शव हाजीपुर के गोपालपुर चौक के पास एक निजी छात्रावास के उसके कमरे में मिला। एसडीपीओ (सदर) गोपाल मंडल ने कहा, एक फोरेंसिक टीम अपराध स्थल का निरीक्षण कर रही है और हम छात्रावास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छात्रावास के नियंत्रक सहित चार अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# 'विदेशी' इतिहासकारों ने छिपाये भारत के गौरवशाली क्षण : आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक कला और लोक गायन को इतिहास का संरक्षक बताते हुए रविवार को कहा कि 'विदेशी' इतिहासकारों ने भारत के अनेक गौरवशाली क्षणों को देश के इतिहास के साथ जानबूझकर नहीं जोड़ा लेकिन लोक गायन और लोक परंपराओं ने गर्व की उन गाथाओं को जिंदा रखा और उनका संरक्षण किया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित 10 दिवसीय 'उत्तराखण्ड महोत्सव-2025' में अपने संबोधन में कहा कि ऐसे महोत्सव देश की लोक परंपरा और लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का भी एक माध्यम हैं। अगर इस तरह के महोत्सव ना मनाये जाएं तो आज की आपाधापी में बहुत से लोग परंपरा और संस्कृति से विमुख हो जाएंगे। उन्होंने इतिहासकारों पर भारत के गौरवशाली क्षणों को जानबूझकर देश के इतिहास से नहीं जोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा, 'याद करिए, जब संकट के दौरान यह लोकगीत, यह लोक कला ही इतिहास का संरक्षण करके रखती है। भारत के बहुत सारे ऐसे गौरवशाली क्षण हैं जिन्हें विदेशी इतिहासकारों ने जानबूझकर शरारतन भारत के गौरवशाली इतिहास के साथ नहीं जोड़ा ताकि भारत का सच्चा इतिहास यहां के नागरिकों को प्राप्त ना हो, लेकिन लोक गायन और लोक परंपरा के माध्यम से वह गाथा आज भी हम सबको सुनने और देखने को मिलती है।' आदित्यनाथ ने कहा, 'हमें अपनी मातृभूमि, अपनी देवभूमि पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। वहां की लोक कला, परंपरा, खान-पान और लोक संस्कृति को संरक्षित करते हुए उसे एक मंच भी देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि उत्तराखंड महोत्सव भी अवधि संस्कृति और उत्तराखंड की संस्कृति के बेहतर समन्वय का ही स्वरूप है। इसमें अवध के श्रीराम हैं तो उत्तराखंड के बद्री विशाल भी। उत्तराखंड के चारों धाम भी इसके साथ जुड़कर इस महोत्सव की शोभा को एक नयी ऊंचाई तक पहुंचाने में अपना योगदान देते हैं।



### चरणबद्ध तरीके से हो संभल का विकास, प्राचीन तीर्थों व कूपों का करें पुनरुद्धार : योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को संभल जिले में जारी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की और कहा कि पहले चरण में प्राचीन तीर्थों और कूपों का पुनरुद्धार कराया जाए। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि चरणबद्ध तरीके से संभल का विकास करें। उन्होंने कहा कि संभल का विकास सरकार की प्राथमिकता है इसलिए पहले चरण में प्राचीन तीर्थों व कूपों का पुनरुद्धार कराया जाए जबकि दूसरे चरण में संग्रहालय और लाइट एंड साउंड आदि विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मुख्यमंत्री ने संभल में जिला अदालत, कारागार और पीएसी इकाई के लिए जरूरी निर्माण की प्रक्रिया पर जल्द कार्रवाई के लिए भी कहा।

### शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार विजय पर नीतीश की तारीफ की

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग की चुनावी सफलता के बाद राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा की तथा उनसे जुड़े दलों व लोगों को बधाई दी। सिन्हा द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू)प्रमुख नीतीश कुमार की प्रशंसा करने वाले बयान दिये जाने को लेकर राजनीतिक हलकों अटकलों का दौर शुरू हो गया। वहीं तृणमूल ने कहा कि बिहार के मूल निवासी सिन्हा की निजी राय है। सिन्हा अपने राजनीतिक करियर में कई दलों में रहे। वे 1996 से 2008 तक राज्यसभा सदस्य रहे, इस दौरान वे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वह 2009 में भाजपा के टिकट पर पटना साहिब लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए। वह 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए और 2022 में पश्चिम बंगाल के आसनसोल से उपचुनाव में तृणमूल के टिकट पर फिर से लोकसभा पहुंचे। वर्ष 2024 में भी इस सीट से संसद के लिए निर्वाचित हुए।

## न्यूज अपडेट

### दिशा पाटनी के पिता को बरेली में शस्त्र लाइसेंस दिया गया



**बरेली :** बरेली की रहने वाली अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी को जिला प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंस जारी कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि की। दिशा पाटनी के बरेली स्थित पैतृक आवास पर एक आपराधिक गिरोह द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जगदीश पाटनी बरेली के जिलाधिकारी से मिले थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगदीश पाटनी को सुरक्षा का आश्वासन दिया था। बरेली के जिलाधिकारी (डीएम) अवनीश सिंह ने बताया कि पाटनी ने अपने आवास पर हमले के बाद शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन किया था और सभी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद उन्हें रिवॉल्वर/पिस्तौल का लाइसेंस दे दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि 12 सितंबर 2025 को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने पाटनी के घर के बाहर लगभग 10 गोलियां चलाई थीं। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया और 17 सितंबर को गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ), हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में रवींद्र और अरुण नाम के दो संदिग्ध मारे गए थे।

### रेल पटरी के किनारे झाड़ियों से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**प्रतापगढ़ (उप्र):** प्रतापगढ़ जिले के देल्हूपुर क्षेत्र के विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक युवक का शव मिला। पुलिस को युवक की हत्या किए जाने का शक है। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि देल्हूपुर थाना क्षेत्र के विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के निकट रेल की पटरी के किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद किया गया। उनके मुताबिक, शव पर चोटों के निशान हैं और उसकी पहचान चंद्रप्रकाश (26) के रूप में की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटना की सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने चंद्रप्रकाश की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### संभल के 'विवादित स्थल' की परिक्रमा करेगी हरिहर सेना




**संभल (उप्र):** हरिहर सेना 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के 'विवादित स्थल' के ढाई किलोमीटर क्षेत्र की परिक्रमा करेगी। हरिहर सेना के संस्थापक और कैला देवी मंदिर के महंत ऋषि राज गिरि ने यह कहा। गिरि ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका संगठन 19 नवंबर को एक दिवसीय 'हरिहर मंदिर पद यात्रा' करेगा जिसके तहत शाही जामा मस्जिद/श्री हरिहर मंदिर नामक 'विवादित स्थल' की ढाई किलोमीटर की परिक्रमा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रा सुबह 10 बजे शुरू होगी और मोतीनगर होकर कैला देवी मंदिर लौटने से पहले 'विवादित परिसर' की बाहरी सीमा के चारों ओर ढाई किलोमीटर की पैदल यात्रा की जाएगी। गिरि ने कहा कि यह पद यात्रा पिछले साल 19 नवंबर को स्थल पर किए गए सर्वेक्षण के एक साल पूरे होने पर आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा, ''हमारा संदेश साफ है। हरिहर मंदिर एक मंदिर था, है और रहेगा। मामला अदालत में है और हम न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान करते हैं। हम केवल हरिहर मंदिर परिसर की परिक्रमा करेंगे।'' उनसे जब पूछा गया कि क्या इस परिक्रमा के लिये प्रशासन से अनुमति ली गयी है तो गिरि ने कहा कि इस 'सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधि' के लिये प्रशासन के साथ अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जमा किया एसआईआर फॉर्म

**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां अपने सरकारी आवास पर अपना विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म जमा किया। अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने अपने आवास पांच-ए कालिदास मार्ग पर एक संक्षिप्त बातचीत के दौरान उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मनोज सिंह को भरा हुआ एसआईआर फॉर्म सौंपा। निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सिंह ने एसआईआर फॉर्म जमा करने से पहले औपचारिकताओं की समीक्षा की।

## चिराग पासवान ने पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका



**पटना:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान रविवार को अपने परिवार के साथ तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सिर पर नारंगी पगड़ी बांधी हुई थी। उन्होंने गुरुद्वारे में दरबार साहिब में मत्था टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब जी में सपरिवार मत्था टेककर अरदास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु महाराज से बिहार की शांति, समृद्धि और सबके कल्याण की कामना की।' तख्त का निर्माण पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह ने 18वीं शताब्दी में गुरु गोबिंद सिंह के जन्मस्थान पर करवाया था। दसवें सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1666 में पटना में हुआ था। आनंदपुर साहिब जाने से पहले उन्होंने अपने प्रारंभिक वर्ष भी यहीं बिताए थे।

## बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 243 नवनिर्वाचित विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी

**पटना:** बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने रविवार को यहां राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य विधानसभा के 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी। सूची में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 89, जनता दल (यूनाइटेड) के 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 19, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर)के पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार नवनिर्वाचित विधायकों के नाम शामिल हैं। सीईओ द्वारा सौंपी गई सूची में विपक्षी 'महागठबंधन' के घटकों राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 25, कांग्रेस के छह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के दो और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक नवनिर्वाचित विधायकों के नाम हैं। इसके अलावा, सूची में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच विधायकों, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा)के एक-एक विधायक के नाम का उल्लेख है। सीईओ कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सीईओ ने प्रधान सचिव अरविंद आनंद और अन्य अधिकारियों के साथ बिहार विधानसभा के 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची बिहार के राज्यपाल को सौंपी।' इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सूची सौंपने की तस्वीर भी साझा की गई। बिहार में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है।



## बिहार मंत्रिमंडल की बैठक आज, नयी सरकार के गठन पर होगी चर्चा



**पटना:** बिहार में विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी क्रम में सोमवार को निवर्तमान मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक होगी, जिसमें निश्चित रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस दिशा में जरूरी कदम उठाने के लिए अधिकृत किया जाएगा। कैबिनेट सचिवालय विभाग की अधिसूचना के अनुसार, मंत्रिपरिषद की बैठक सोमवार को होगी। जदयू के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि इस बैठक में निवर्तमान विधानसभा को भंग करने और कुमार को राज्यपाल से मिलने के लिए अधिकृत करने के लिए प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने विधानसभा चुनाव में निर्वाचित हुए सदस्यों की सूची के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की थी। चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 से अधिक सीट पर जीत हासिल की। भाजपा ने सबसे अधिक 89, जदयू ने 85, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 19, हिंदुस्ताव अवाम मोर्चा सेक्युलर ने पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्च (आरएलएम) ने चार सीट जीतीं। इस बीच, राज्य में नयी सरकार के गठन को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करने के बाद दिल्ली से लौटे जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने यहां मुख्यमंत्री से मुलाकात की। बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा, कुछ ही दिन में नयी सरकार बन जाएगी। समय आने पर आपको इसकी विस्तृत जानकारी मिल जाएगी। हम राजग के घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जदयू के एक नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, यह लगभग तय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शपथ ग्रहण समारोह के लिए आएंगे। यह संभवतः ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक भव्य समारोह होगा, जहां बड़ी संख्या में लोग आ सकते हैं। जदयू नेता ने यह भी कहा, हम नए मंत्रिमंडल में पिछली बार की तुलना में अधिक प्रतिनिधित्व की उम्मीद कर रहे हैं। पिछली सरकार में हमारी पार्टी के सिर्फ 12 मंत्री थे।

## झारखंड की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले जुलुस में शामिल हुए मुख्यमंत्री सोरेन



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को रांची में एक जुलूस में शामिल हुए, जिसमें राज्य की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित किया गया। राज्य ने 15 नवंबर को अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई और इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोरेन अल्बर्ट एक्का चौक पर जुलूस में शामिल हुए और कलाकारों के साथ ढोल बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। वह जुलूस के साथ चले जो शहीद चौक पर समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जतरा सिर्फ यात्रा नहीं, संस्कृति, आस्था और समुदाय का चलायमान उत्सव है। उन्होंने कहा, ''यह 'जतरा' हमारी पहचान है, हमारी संस्कृति है, और हमारे संघर्षों की गौरवशाली यात्रा है। झारखंड के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर मैं सभी राज्यवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार देता हूं। जुलूस में विभिन्न झांकियों के माध्यम से पारंपरिक कलाओं और शिल्प, नृत्य शैलियों और उत्सवों का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 24 जिलों के लगभग 4,000 कलाकारों ने इसमें भाग लिया।

## बिहार : अभिनेत्री नीतू चंद्रा को राजनीतिक विचार व्यक्त करने के कारण चुनाव 'आईकॉन' पद से हटाया गया



**पटना:** निर्वाचन आयोग ने रविवार को अभिनेत्री नीतू चंद्रा को बिहार में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) के 'आईकॉन' पद से हटा दिया। आयोग ने यह कार्यवाही हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के दौरान उनके द्वारा राजनीतिक दलों के पक्ष में विचार व्यक्त करने के बाद की। विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए चंद्रा को 'आईकॉन' नामित किया गया था। बिहार के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुमार चौधरी ने अभिनेत्री को लिखे पत्र में कहा, 'शिकायतें मिली हैं कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान आपने कुछ राजनीतिक दलों के पक्ष में अपने विचार व्यक्त किए, जो बिहार स्वीप आइकन के रूप में आपकी नियुक्ति के समय आपके द्वारा दिए गए वचन के विरुद्ध है।' उन्होंने कहा, ''अपने शपथपत्र में आपने उल्लेख किया था कि आपका किसी भी राजनीतिक दल से कोई राजनीतिक जुड़ाव नहीं है। आपने यह भी उल्लेख किया था कि चुनाव के दौरान आप किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के साथ नहीं जुड़ेंगी।

## गोरखपुर के रेस्तरां में आग लगने से कर्मचारी की दम घुटने से मौत

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में तारामंडल बौद्ध संग्रहालय के पास स्थित वाटरवेज रेस्तरां एंड बैंक्वेट में रविवार सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें दम घुटने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और भारी नुकसान हुआ। पूरी तीन मंजिला इमारत में घना धुआं फैल गया, जो लगभग दो घंटे तक रहा। इस हादसे में गोंडा निवासी पुरुषोत्तम (48) नामक एक सफाई कर्मचारी की अंदर फंसने के बाद दम घुटने से मौत हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) संतोष कुमार ने बताया कि नियंत्रण कक्ष को सुबह करीब सवा पांच बजे इस घटना की सूचना मिली। दमकल की चार गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, टीमों ने आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा, शौचालय के अंदर एक व्यक्ति मिला, जहां घने धुएं के कारण वह बेहोश हो गया था। बेहोश पुरुषोत्तम को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक जब रामगढ़ताल पुलिस थाने और दमकल विभाग की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं, तब तक इमारत की सभी मंजिलों पर आग की लपटें फैल चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने लगातार पानी की बौछारों से आग पर काबू पाया और तलाशी अभियान के लिए धुएं से भरे हिस्सों में पहुंचने से पहले लगभग दो घंटे आग पर काबू पाने में लगा। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट-सर्किट है।

## बिहार में चुनाव पूरी तरह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होता तो बसपा और सीट जीतती : मायावती

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बिहार चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर 'चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष होते तो बसपा और सीट जरूर जीतती।' बिहार विधानसभा चुनाव में कुल 243 सीट में बसपा को मात्र एक सीट पर जीत मिली है। बसपा प्रमुख मायावती ने 'एक्स' पर लिखा, 'मैं बिहार विधानसभा के हाल में हुए चुनाव में कैमूर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर बसपा के उम्मीदवार सतीश कुमार सिंह यादव को जीत दिलाने के लिये पार्टी के सभी सदस्यों को बधाई देती हूं तथा उनका तहेदिल से आभार प्रकट करती हूं।' उन्होंने कहा कि वहां के प्रशासन एवं सभी विरोधी दलों ने 'मतों की गिनती बार-बार कराने के बहाने बसपा उम्मीदवार को हराने' का पूरा प्रयास किया लेकिन 'पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं के पूरे समय डटे रहने के कारण विरोधियों का यह षड्यंत्र सफल नहीं हो सका।'

## मुझ पर धन और टिकट के बदले पिता को गंदी किडनी दान करने का आरोप लगाया गया: रोहिणी



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने रविवार को आरोप लगाया कि भाई तेजस्वी यादव के कुछ सहयोगी उनके बारे में कह रहे हैं कि 'मैंने अपने पिता को गंदी किडनी' दी और इसके बदले करोड़ों रुपये व पार्टी का टिकट लिया। आचार्य ने भावुक होते हुए 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि 'किसी घर रोहिणी जैसी बेटी न हो।' आचार्य ने 'राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने' की घोषणा के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी भड़ास निकाली। हाल में हुए बिहार चुनाव में राजद की हार के लिए रोहिणी ने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सहयोगियों, हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले राजद सांसद संजय यादव और उत्तर प्रदेश के एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले रमीज, को जिम्मेदार ठहराया था। पिछले साल के आम चुनावों में सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाली आचार्य ने कहा, 'कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रुपये लिए, टिकट लिया।' एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकीं रोहिणी ने शनिवार को घोषणा की थी कि वह राजनीति छोड़ रही हैं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने हाल में हुए चुनावों में पार्टी की हार के लिए जवाबदेही तय करने पर जोर दिया। राजद को 243-सदस्यीय बिहार विधानसभा में केवल 25 सीट मिलीं। रोहिणी ने 'संजय और रमीज' के बारे में भी कड़वी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ये दोनों खुद को चाणक्य जैसा बड़ा रणनीतिकार समझते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की बातों को बिल्कुल महत्व नहीं देते। तेजस्वी और संजय यादव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, 'सभी बेटी-बहन, जो शादीशुदा हैं उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा-भाई हो, तो भूलकर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं। अपने भाई, उस घर के बेटे को ही बोलें कि वह अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे।' रोहिणी ने कहा, 'मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनों बच्चों को नहीं देखा। किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली। अपने भगवान, अपने पिता को बचाने के लिए वह कर दिया, जिसे आज गंदा बता दिया गया। आप सब मेरे जैसी गलती कभी न करें। किसी घर रोहिणी जैसी बेटी (पैदा) न हो।'

## जयंत चौधरी एक बार फिर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए



**मथुरा/लखनऊ :** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी रविवार को मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अधिवेशन में एक बार फिर निर्विरोध पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। चौधरी ने इस अवसर पर विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, हम राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। आज विपक्ष के पास परिवार तो है लेकिन नेता या नीति नहीं है इसलिए विपक्ष विफल हो रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की नीतियों को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा, गांव, किसान और गरीबों की चर्चा ही रालोद की जीत की कुंजी है। चौधरी ने पार्टी नेताओं से महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाओं को जल्द ही आरक्षण का लाभ मिलेगा। चौधरी ने कहा कि छाता में चीनी मिल फिलहाल बंद है, जिसे चालू कराया जाना जरूरी है। रालोद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती पूरे देश में मनाई जाएगी और इस दौरान सवा करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय लोक दल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का एक घटक दल है। जयंत चौधरी ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय लोक दल के अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पनडुब्बी रोधी जलपोत 'माहे' का 24 नवंबर को जलावतरण किया जाएगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना अगले सप्ताह स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी उथले जल के युद्धपोत 'माहे' का जलावतरण करेगी, जिससे उसकी युद्ध क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है। नौसेना ने रविवार को कहा कि पनडुब्बी रोधी रॉकेट और उन्नत रडार से सुसज्जित 'माहे' को 24 नवंबर को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान बल में शामिल किया जाएगा। इसने कहा कि कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित पोत 'माहे' नौसेना पोत डिजाइन और निर्माण में देश की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक अत्याधुनिक उदाहरण है। नौसेना ने कहा कि अपनी मारक क्षमता, पकड़ में नहीं आने के गुणों से लैस और रफ्तार के मिश्रण के साथ, इस पोत को पनडुब्बियों का पता लगाने, तटीय गश्त करने और भारत के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है।

### फौजदारी न्याय प्रशासन 'सबसे उपेक्षित क्षेत्र' : न्यायमूर्ति ललित

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित ने निराशाजनक दोषसिद्धि दर पर चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि फौजदारी न्याय प्रशासन सरकारी तंत्र में सबसे उपेक्षित क्षेत्र है। ललित ने इसी के साथ पुलिस की जांच शाखा को सामान्य कानून व्यवस्था संबंधी कर्तव्यों में शामिल शेष पुलिस बल से अलग करने का समर्थन किया। पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने आपराधिक कानूनों के दुरुपयोग को रोकने तथा किसी भी निर्दोष पर मुकदमा न चलाया जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए सुधारों की वकालत की। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहेंगे कि उनकी बेटियां ऐसे माहौल में रहें, जहां कानूनों के दुरुपयोग की थोड़ी सी भी आशंका हो। न्यायमूर्ति ललित ने 'एकम न्याय फाउंडेशन' द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 42 वर्षों से एक वकील, न्यायाधीश और कानून के प्रोफेसर के रूप में उन्होंने देखा है कि देश के आपराधिक न्यायशास्त्र और उसके प्रशासन के तरीके में, ''आपराधिक न्याय प्रशासन शायद सरकारी तंत्र में सबसे उपेक्षित क्षेत्र है''।

### जम्मू-कश्मीर: पुंछ से सीमावर्ती गांव से सेना ने उत्तर प्रदेश निवासी को हिरासत में लिया

**मेंढर/ जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव से रविवार शाम सेना ने उत्तर प्रदेश के 60 वर्षीय एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले का निवासी रण सिंह झुलास क्षेत्र के ऊपरी सलोत्री गांव में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था तभी सेना के गश्ती दल ने उसे हिरासत में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि सिंह मानसिक रोगी प्रतीत हो रहा है और उसे उचित कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और राष्ट्रीय राइफल्स ने मनकोट के जोगी मोहल्ला, बुरी मोहल्ला और छज्जला इलाकों में, गुरसाई के परनाई, मंझारी, तवी और गारंग क्षेत्र में, के मेंढर के संगियोटे, हरियाना टॉप, भटाडुरियन, सुई नाला, केरी कांगड़ा और सलवाह में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया, इस दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

### गुरुग्राम में 22वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर पांच साल के बच्चे की मौत

**गुरुग्राम (हरियाणा) :** गुरुग्राम के सेक्टर 62 में एक बहुमंजिला सोसायटी की 22वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर पांच वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना पायनियर प्रेसिडिया सोसायटी में शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे घटी। उस वक्त रुद्र तेज सिंह (पांच) घरेलू सहायिका की देखरेख में घर पर था। पुलिस के अनुसार पांच वर्षीय रुद्र सोसायटी के मैदान में खेलने के बाद घरेलू सहायिका के साथ घर लौटा था, तभी यह हादसा हुआ।

# अगली पीढ़ी के लिए अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें: मोदी





**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम कर रहे अभियंताओं से अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने को कहा है, जो अन्यत्र इसी तरह की परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में उपयोगी होगा। मोदी शनिवार को सूरत में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे (एमएएचएसआर) परियोजना के अभियंताओं और अन्य श्रमिकों के साथ बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यदि परियोजना से प्राप्त अनुभवों को एक 'ब्ल्यू बुक' की तरह दर्ज और संकलित किया जाए तो देश बुलेट ट्रेन के बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत को बार-बार प्रयोग करने से बचना चाहिए और इसके बजाय मौजूदा मॉडल से सीखी गई बातों को दोहराना चाहिए। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोहराव तभी सार्थक होगा जब यह स्पष्ट समझ हो कि कुछ कदम क्यों उठाए गए। उन्होंने आगाह किया कि अन्यथा, बिना किसी उद्देश्य या दिशा के दोहराव हो सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस तरह के रिकॉर्ड रखने से भविष्य के छात्रों को लाभ होगा और राष्ट्र निर्माण में योगदान मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम अपना जीवन यहीं समर्पित करेंगे और देश के लिए कुछ मूल्यवान छोड़ जाएंगे।'' मोदी ने परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली, जिसमें गति और समय-सारिणी के लक्ष्यों का पालन भी शामिल था। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि श्रमिकों ने उन्हें आश्वासन दिया कि परियोजना बिना किसी कठिनाई के सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। केरल की एक इंजीनियर ने गुजरात के नवसारी स्थित नॉइज बैरियर फैक्ट्री में काम करने का अपना अनुभव साझा किया, जहां सरिया की वेल्डिंग के लिए रोबोटिक इकाइयों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मोदी ने उनसे पूछा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन बनाने के अनुभव को उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कैसा माना और इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बारे में वे अपने परिवारों के साथ क्या साझा करती हैं। उन्होंने देश की पहली बुलेट ट्रेन में योगदान देने पर गर्व व्यक्त किया और इसे अपने परिवार के लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट और गर्व का क्षण बताया। राष्ट्र सेवा की भावना पर चिंतन करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जब राष्ट्र के लिए काम करने और कुछ नया योगदान देने की भावना जागृत होती है, तो यह अपार प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। उन्होंने इसकी तुलना भारत के अंतरिक्ष सफर के साथ करते हुए याद किया कि देश का पहला उपग्रह प्रक्षेपित करने वाले वैज्ञानिकों को कैसा महसूस हुआ होगा और आज सैकड़ों उपग्रह प्रक्षेपित किए जा रहे हैं। बेंगलुरु की एक अन्य कर्मचारी और मुख्य इंजीनियरिंग प्रबंधक के रूप में कार्यरत श्रुति ने कठोर डिजाइन और इंजीनियरिंग नियंत्रण प्रक्रियाओं के बारे में बताया।

# दिल्ली में पिछले तीन वर्षों में नवंबर का सबसे ठंडा दिन

## पारा गिरकर नौं डिग्री तक पहुंचा



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है और यह शहर में पिछले तीन वर्षों में नवंबर का सबसे ठंडा दिन बन गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। यह 29 नवंबर 2022 के बाद से महीने का सबसे ठंडा दिन था जब दिल्ली में तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वर्ष 2023 में 23 नवंबर को पारा सबसे कम 9.2 डिग्री तक गिर गया था और 2024 में 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री दर्ज किया गया था जो सबसे ठंडा दिन था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को हल्का कोहरा छाए रहने तथा अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। रविवार को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' रही और 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार 39 निगरानी केंद्रों में से 11 में एक्यूआई का स्तर 400 से अधिक दर्ज किया गया जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

# जम्मू के सरकारी अस्पताल में पांच वर्षों में कैंसर के 9,427 मामले सामने आए

**जम्मू :** जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज स्थित राज्य कैंसर संस्थान में पांच वर्ष की अवधि में कैंसर के 9,427 मामले सामने आए, जिनमें से ज्यादातर मरीज बीमारी के तीसरे या चौथे चरण में प्रवेश कर जाने के बाद अस्पताल पहुंचे थे। वर्ष 2020 से 2024 तक के नवीनतम अस्पताल-आधारित कैंसर रजिस्ट्री आंकड़ों के अनुसार, 5,351 रोगी पुरुष और 4,076 महिलाएं थीं। इससे पता चलता चलता है क्षेत्र में महिलाओं के मुकाबले पुरुष इस रोग से अधिक पीड़ित हैं। फेफड़ों का कैंसर 1,338 मामलों के साथ सबसे आम घातक बीमारी के रूप में उभरा, इसके बाद सिर और गर्दन के कैंसर (1,005), स्तन कैंसर (704), हेपेटोबिलरी (681), जननांग-मूत्र (654), हेमटोलॉजिकल कैंसर (653), एसोफैजियल (519), मुंह का कैंसर (519), और सर्विकल कैंसर (494) का स्थान रहा। आंकड़ों के अनुसार, अन्य प्रमुख कैंसर में आंत (456), अज्ञात प्राथमिक या सीयूपी कैंसर (410), ओवरी (354), लिम्फोमा (305), पेट (279), मस्तिष्क (263), प्रोस्टेट (233) और हड्डी और नरम ऊतक कैंसर (210) शामिल हैं, इसके अलावा 186 अन्य महिलाओं के कैंसर, 111 त्वचा कैंसर और 53 अन्य प्रकार के कैंसर के रूप में वर्गीकृत हैं। जम्मू जिले में सबसे अधिक 3,671 मामले हैं, इसके बाद उधमपुर (943), कठुआ (855), डोडा (694), राजौरी (675), सांबा (580), रियासी (532), पुंछ (424), किश्तवाड़ (292), और रामबन (222) हैं। अन्य 539 मरीज जम्मू संभाग के बाहर से थे।

# किसी चीज की जिम्मेदारी लेना और उसका सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करना अहम : गडकरी



**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि किसी भी कार्य की जिम्मेदारी लेना और उसका सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करना जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। गडकरी ने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) नागपुर में युवा भारती फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'चेंजमेकर्स कॉन्क्लेव' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना और उन्हें प्राप्त करने के लिए लगन से काम करना महत्वपूर्ण है। गडकरी ने कहा कि छोटे-छोटे योगदान भी स्थिति बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे लक्ष्य रखना अपराध है और युवाओं से बड़े सपने देखने, बेहतर भविष्य की कल्पना करने तथा एक मजबूत दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्षम नेतृत्व तैयार करने में अनुभव और सूझबूझ के महत्व पर जोर दिया। गडकरी ने कहा कि सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है और लोगों की समस्याओं को सही मायने में समझने के लिए उनसे सीधे जुड़ना जरूरी है। गडकरी ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने (नागपुर में) अधिकांश विकास परियोजनाओं की परिकल्पना लोगों की समस्याओं को समझने के बाद की तथा उन्हें क्रियान्वित किया। उन्होंने कहा, किसी भी काम में सफलता के लिए उसकी जिम्मेदारी लेना बहुत महत्वपूर्ण है। आप जो भी कार्य हाथ में लें, उसे पूरी लगन और निष्ठा के साथ पूरा करें। विभिन्न विकास परियोजनाओं का हवाला देते हुए गडकरी ने कहा, हमें अपने लक्ष्यों और सपनों को हासिल करने की जरूरत है। जनता उन लोगों से बहुत खुश होती है, जो उसे सपने दिखाते हैं। लेकिन साथ ही, वह उन लोगों को दंडित भी करती है, जो उन सपनों को पूरा करने में विफल रहते हैं। जनता उन लोगों से प्यार करती है, जो अपने वादों को पूरा करते हैं।

# पंजाब के फिरोजपुर में आरएसएस नेता के बेटे की गोली मारकर हत्या

**फिरोजपुर :** पंजाब के फिरोजपुर में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता के दुकानदार बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नवीन अरोड़ा (32) के रूप में हुई है, जो खुद भी संघ के स्वयंसेवक के रूप में कार्यरत थे। नवीन के पिता बलदेव राज अरोड़ा पिछले कई वर्षों से आरएसएस से जुड़े हुए हैं। नवीन के दादा दिवंगत दीनानाथ भी फिरोजपुर में आरएसएस के वरिष्ठ नेता थे। यह वारदात शनिवार को तब हुई जब अरोड़ा अपनी दुकान से डॉ. साधु चंद चौक के पास स्थित घर जा रहे थे। मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात हमलावर वहां आए और नवीन पर नजदीक से गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए। बाद में नवीन को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने कहा कि फिरोजपुर में आरएसएस नेता बलदेव राज अरोड़ा के बेटे नवीन अरोड़ा की हत्या ने आम आदमी पार्टी की सरकार के राज में एक बार फिर कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। जाखड़ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गैंगस्टर प्रभावी रूप से सरकार चला रहे है, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी जिम्मेदारियां निभाने में विफल रहे हैं। जाखड़ ने कहा कि आज पंजाब के लोग आतंक के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में हजारों महिलाओं ने वासुदेव घाट पर 'महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम' का पाठ किया



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को हजारों महिलाएं यमुना नदी के तट पर स्थित वासुदेव घाट पर जुटीं और 'महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम' का पाठ किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद थीं, जिन्होंने महिलाओं से देवी दुर्गा की भावना को आत्मसात करने का आग्रह किया। सरकारी बयान के मुताबिक, महिलाओं ने सामूहिक रूप से दुर्गा की स्तुति करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि दिल्ली को डराने की कोशिश करने वाला कोई भी आतंकवादी, चरमपंथी या राष्ट्र-विरोधी तत्व कभी भी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सकता। बयान में कहा गया है कि यह आजादी के बाद यमुना नदी के तट पर अपनी तरह का पहला आयोजन था। इसमें कहा गया है कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राष्ट्र और समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। गुप्ता ने कहा, अगर एक साधारण घर की बेटी मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच सकती है, तो कोई भी महिला आसमान छू सकती है; उसे केवल दृढ़ संकल्प के साथ एक कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज को आज महिला शक्ति की पहले से कहीं अधिक जरूरत है। गुप्ता ने महिलाओं से आगे आने, दुर्गा की भावना को आत्मसात करने, आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिकाएं निर्धारित करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

# मोहन यादव ने बिहार में महागठबंधन की हार पर उड़ाया राहुल का मजाक



**शाजापुर (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में मिली करारी पराजय के बाद उसके नेताओं को अब तक समझ में नहीं आ रहा है कि यह कैसे हो गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि देश की सबसे पुरानी पार्टी एक और विभाजन की ओर बढ़ रही है। यादव ने मध्यप्रदेश में शाजापुर जिले के मक्सी में दशहरा मैदान में एक कार्यक्रम में कहा कि बिहार से पहले हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भी कांग्रेस का सफाया हो गया था। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा, पप्पू को अब भी समझ नहीं आ रहा है कि यह कैसे हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि भविष्य में कांग्रेस को विभाजन का सामना करना पड़ सकता है। यादव ने दावा किया कि मध्यप्रदेश सोयाबीन किसानों के लिए भावांतर योजना लागू करने वाला पहला राज्य है और कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी इसका लाभ उठाया है।

# सबरीमला मंदिर के कपाट वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए खुले, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**पथनमथिट्टा :** केरल के सबरीमला में भगवान अयप्पा मंदिर के कपाट वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कु तीर्थयात्रा की शुरुआत से पहले रविवार शाम खोल दिए गए। इस वर्ष की तीर्थयात्रा में दुनिया भर से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। करीब दो महीने से भी लंबा यह तीर्थ सत्र सोमवार से शुरू होगा, जो मलयालम महीने 'वृश्चिकम' का पहला दिन है। रविवार शाम कपाट खुलते ही सन्निधानम (मंदिर परिसर), यात्रा मार्ग और आधार शिविरों में भारी भीड़ देखी गई। मंदिर खुलते ही सैकड़ों तीर्थयात्री दर्शन के लिए उमड़ पड़े। जैसे ही मौजूदा मेलशंती (मुख्य पुजारी) अरुणकुमार नंबूदरी ने तंत्री (प्रधान पुजारी) महेश मोहनारू, त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) के अधिकारियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गर्भगृह का द्वार खोला, मंदिर परिसर भगवान अयप्पा के जयकारों से गूंज उठा। टीडीबी सूत्रों के मुताबिक, इसी अवसर पर सबरीमला और मलिकप्पुरम मंदिरों के नये मेलशंती ईडी प्रसाद और एमजी मनु का पदस्थापन समारोह भी आयोजित किया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने ऑनलाइन माध्यम से अग्रिम बुकिंग (वर्चुअल क्यू सिस्टम) कराने वालों की दैनिक संख्या 70,000 से 90,000 निर्धारित की है, जबकि मौके पर बुकिंग कराने वालों के लिए यह सीमा 20,000 रखी गई है।

# कोकीन तस्करी मामले में ईडी ने 100 से अधिक फर्जी खातों पर रोक लगाई, 70 लाख रुपये जब्त

नयी दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली में कथित मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े धनशोधन के मामले में तलाशी के दौरान 110 बैंक खातों पर रोक लगाई, 70 लाख रुपये जब्त किए और दुबई स्थित क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट का इस्तेमाल होने का पता लगाया। एक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। फर्जी बैंक खातों का उपयोग अवैध धनराशि के हस्तांतरण के लिए किया जाता है तथा इन खातों को वास्तविक ग्राहक आईडी का दुरुपयोग करके या नकली ग्राहक आईडी का उपयोग करके खोला जाता है। संघीय जांच एजेंसी ने नवंबर 2024 में 82.53 किलोग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन की जब्ती से संबंधित स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की शिकायत का संज्ञान लेने के बाद 14 नवंबर को छापे मारे। ईडी ने दिल्ली-एनसीआर और जयपुर में पांच परिसरों की तलाशी ली। एनसीबी ने जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 900 करोड़ रुपये आंकी थी और केंद्रीय मादक पदार्थ निरोधक एजेंसी ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने एक बयान में कहा,'' छापेमारी से पता चला कि मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ नेटवर्क संचालित किया जा रहा था।'' बयान में कहा गया, '' इस अभियान के दौरान 110 बैंक खातों पर रोक लगाई गई जिनमें से 73 खाते यूपीआई आईडी और डिजिटल वॉलेट से जुड़े थे, जिनका सट्टेबाजी से संबंधित लेनदेन के लिए सक्रिय रूप से उपयोग किया जा रहा था।''

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**सुकमा (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए जिन पर कुल 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम की सुबह भेज्जी और चिंतागुफा थाना क्षेत्रों के पर्वतीय इलाकों में नक्सलियों के साथ उस वक्त मुठभेड़ शुरू हो गई जब टीम क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर नक्सल रोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच काफी देर तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही, जिसके बाद घटनास्थल से दो महिला नक्सलियों समेत तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से .303 राइफल, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल), अन्य हथियार एवं विस्फोटक भी बरामद किए गए। चव्हाण ने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान एरिया कमेटी सदस्य मादवी देवा, सीएनएम (चेतना नाट्य मंडली- माओवादियों का एक सांस्कृतिक संगठन) कमांडर पोडियाम गंगी और किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्य सोढ़ी गंगी के रूप में हुई है, दोनों महिलाएं थीं और प्रत्येक पर पांच लाख रुपये का इनाम था।

# जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने कीं धर्मेंद्र प्रधान के साथ अलग-अलग बैठकें



**नयी दिल्ली :** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को यहां केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ उनके आवास पर अलग-अलग बैठक की। प्रधान बिहार में भाजपा के चुनाव प्रभारी थे। भाजपा नीत राजग के दोनों घटक दलों के प्रमुख जब प्रधान से मिलने उनके आवास पर पहुंचे तब वहां बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद थे। ये बैठकें ऐसे समय में हुई हैं जब बिहार विधानसभा चुनाव में भारी जीत के बाद राजग बिहार में सरकार बनाने की तैयारी में जुटा है। केंद्रीय मंत्री मांझी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, केंद्रीय मंत्री और बिहार भाजपा प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान तथा भारतीय जनता पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात की, जिन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 में राजग की भारी जीत सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम किया। मैंने उन्हें बधाई दी। उन्होंने दोनों भाजपा नेताओं के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं। प्रधान से उनके आवास पर मुलाकात के बाद, कुशवाहा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज शाम केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और बिहार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विशेष प्रभारी श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी से मिलकर राजग की शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी। रालोमो प्रमुख ने वरिष्ठ भाजपा नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर भी पोस्ट की। सूत्रों ने बताया कि मांझी और कुशवाहा दोनों ने भाजपा नेताओं के साथ बिहार में सरकार गठन और राज्य मंत्रिमंडल में अपनी पार्टियों के प्रतिनिधित्व पर चर्चा की।

# तीनों सेनाओं की सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल किया जाएगा: सीडीएस ने सशस्त्र बलों के एकीकरण पर कहा



**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सशस्त्र बलों के एकीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि इस प्रक्रिया के दौरान सेना का प्रत्येक अंग ''अपनी खुद की पहचान'' बनाए रखेगा और उसकी सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल किया जाएगा। जनरल चौहान ने यहां शनिवार को आयोजित एक संवाद सत्र में हाल में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के उदाहरणों का भी हवाला दिया। इस ऑपरेशन के तहत सेना के तीनों अंगों - थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच एकजुटता प्रदर्शित हुई। वह रक्षा थिंक-टैंक यूएसआई की ओर से 14-15 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय भारतीय सैन्य विरासत उत्सव में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपनी नयी किताब 'रेडी, रेलेवेंट एंड रिसर्जेंट 2: शेपिंग ए फ्यूचर रेडी फोर्स' पर केंद्रित संवाद के दौरान संकेत दिया कि जल्द ही इसका तीसरा खंड भी आएगा, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े विवरण भी शामिल होंगे। सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं में एकजुटता और एकीकरण हासिल करने के सरकार के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से की गई सैन्य कार्रवाई और इन सटीक हमलों से पहले के दिनों के कुछ उदाहरण दिए। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकवादी ढांचों पर सात मई को हमला किया था। जनरल चौहान ने कहा कि एकीकरण के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रयास जारी हैं, लेकिन प्रत्येक सेवा ''अपनी खुद की पहचान बनाए रखेगी'', क्योंकि हर सेवा की एक विशिष्ट भूमिका होने के कारण यह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''हम प्रत्येक सेवा की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की कोशिश कर रहे हैं... हम लघुत्तम समापवर्त्य (एलसीएम) नहीं, बल्कि महत्तम समापवर्तक (एचसीएफ) अपनाने की कोशिश कर रहे हैं।'' सीडीएस ने कहा कि 22 अप्रैल से सात मई तक की अवधि के दौरान इस बात का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता थी कि ''हमें पश्चिमी सीमा पर ले जाने के लिए किन चीजों की आवश्यकता है'', क्योंकि इसके लिए मुख्य रूप से हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया जाना था। उन्होंने कहा कि यह 'निर्बाध' रूप से किया गया और यह एक सितारा (अधिकारी के) स्तर पर ही हो गया।

# पुलिस ने मध्य दिल्ली में आतंकवाद रोधी सुरक्षा उपाय बढ़ाए, 34 लावारिस वाहन जब्त



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक हुए धमाके के बाद, मध्य जिले में आतंकवाद रोधी उपायों के तहत व्यापक सत्यापन अभियान चलाए जा रहे हैं, नाकों पर जांच बढ़ाई जा रही है और संवेदनशील स्थानों पर सशस्त्र तैनाती को मजबूत किया जा रहा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, ''शनिवार रात को विशेष अभियान के दौरान टीम ने 34 लावारिस वाहन जब्त किए, जबकि पांच घंटे के जांच अभियान में दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत 417 चालान जारी किए गए।'' उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाए जाने की कार्रवाई विस्फोट के बाद लागू की गई व्यापक रणनीति का हिस्सा है। अधिकारी ने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त (सेंट्रल रेंज) मधुर वर्मा, जिला पुलिस उपयुक्त, एसीपी, एसएचओ और विशेष इकाइयां, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए), आरडब्ल्यूए, दुकानदारों और विक्रेताओं के साथ लगातार समन्वय बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ''पुलिस टीम अभियान तत्परता का परीक्षण करने के लिए क्षेत्र में नियंत्रण अभ्यास, औचक निरीक्षण और मॉक ड्रिल कर रही हैं। भीड़-भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सशस्त्र कर्मियों को तैनात किया गया है।'

### विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स : भारतीय मुक्केबाजों के दबदबे वाले दिन प्रीति ने पदक पक्का किया

**ग्रेटर नोएडा:** भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने एक साल बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में भारत के लिए पदक पक्का किया। हेपेटाइटिस ए से जूझने के बाद और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से एक साल दूर रहने वाली 22 वर्षीय प्रीति ने हांग्झोउ एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता उज्बेकिस्तान की निगिना उक्तामोवा को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस ओलंपिक से एक महीने पहले प्रीति को हेपेटाइटिस ए होने का पता चला था। अपने मुकाबले के बाद प्रीति ने कहा, ''यह मेरे लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर रहा है क्योंकि ओलंपिक से एक महीने पहले मुझे हेपेटाइटिस ए होने का पता चला था। लेकिन इसने मुझे वापसी करने और खुद को और मजबूत महसूस करने के लिए प्रेरित भी किया।'

### आडवाणी और दमानी स्नूकर विश्व कप के नॉकआउट में

**मस्कट:** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी रविवार को स्नूकर विश्व कप के अपने-अपने ग्रुप में जीत के साथ नॉकआउट दौर में पहुंच गए। विभिन्न क्यू खेलों में 28 विश्व खिताब जीत चुके आडवाणी ने ग्रुप 'एम' में बहरीन के हेशाम अलसाकर को 3-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इस एकतरफा जीत में उन्होंने 74 और 56 के ब्रेक लगाए। आडवाणी ने इससे पहले अपने शुरुआती मैच में ओमान के हुसैन अल्लावती को 3-0 से हराया था। पिछले सप्ताह दोहा में आईबीएसएफ विश्व स्नूकर के नॉकआउट में जगह बनाने से चूकने वाले दमानी ने ग्रुप 'जे' के अपने दूसरे मैच में अमेरिका के हसनैन अलसुल्तानी को 3-1 से हराया। कोलकाता के इस खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में इहाब अल-सालिह को 3-0 से हराया था।

# अपने ही स्पिन चक्रव्यूह में फंसा भारत, दक्षिण अफ्रीका की भारतीय धरती पर 15 साल में पहली जीत

## पहले टेस्ट मैच में भारत को 30 रन से हराया



**कोलकाता:** कप्तान तेम्बा बावुमा के जुझारू अर्धशतक के बाद अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की ईडन गार्डस की खतरनाक पिच पर बलखाती गेंदों के जादू से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में तीसरे दिन ही रविवार को यहां 30 रन से हराकर भारतीय धरती पर 15 साल में अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के सामने 124 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 35 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। इससे दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। गिल की अनुपस्थिति में केवल वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 31 रन) ही कुछ देर तक संघर्ष कर पाए। बाकी बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल विकेट से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई जिससे एक बार फिर से भारतीय टीम की टर्निंग पिचों पर कलई खुल गई। पिछले छह टेस्ट मैचों में यह भारत की घरेलू मैदान पर चौथी हार थी, जिसमें पिछले साल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचों पर 0-3 से मिली हार भी शामिल है। कार्यवाहक कप्तान ऋषभ पंत ने मैच के बाद कहा, 'हमें इस लक्ष्य का पीछा करना चाहिए था। दूसरी पारी में दबाव बढ़ता रहा।' रिकॉर्ड की बात करें तो यह दूसरा न्यूनतम लक्ष्य है जिसको भारत हासिल करने में नाकाम रहा। इससे पहले वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 1997 में ब्रिजटाउन में 120 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया था। दक्षिण अफ्रीका अपने दूसरे न्यूनतम स्कोर का बचाव करने में सफल रहा। इसकी नींव तेज गेंदबाज मार्को यानसन (15 रन दे कर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके रखी। हार्मर (21 रन देकर चार विकेट) ने मध्यक्रम झकझोरा जबकि केशव महाराज (37 रन देकर दो विकेट) ने बाकी काम पूरा किया।

### गंभीर ने लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रहे भारतीय बल्लेबाजों की आलोचना की

**कोलकाता:** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को आलोचनाओं से घिरे ईडन गार्डन्स के क्यूरेटर का समर्थन किया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपने बल्लेबाजों के 'दबाव झेलने' और चुनौतीपूर्ण पिच पर रन बनाने में असमर्थ रहने पर अफसोस जताया। इस नतीजे से घरेलू मैदान पर उलटफेर का चिंताजनक सिलसिला जारी रहा जिसमें टीम ने अपने पिछले छह घरेलू टेस्ट मैचों में से चार और गंभीर के कोच बनने के बाद 18 में से नौ मैच गंवा दिये हैं। गंभीर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ऐसा नहीं था कि यह कोई खेलने लायक विकेट नहीं था, कोई भी मुश्किल नहीं थी।'

### मुझे अपने रक्षात्मक खेल पर भरोसा है और यही मेरे खेलने का तरीका है: बावुमा

**कोलकाता:** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने रविवार को कहा कि उनकी बल्लेबाजी का आधार मजबूत रक्षात्मक खेल है जो ईडन गार्डन्स की मुश्किल पिच पर उनके लिए काफी मददगार साबित हुआ। इस मैच में आठ सत्र के अंदर ही 38 विकेट गिरे लेकिन पिंडली की चोट के कारण पांच महीने तक खेल से दूर रहे बावुमा ने धैर्य और एकाग्रता दिखाते हुए अर्धशतकीय पारी खेल टीम की जीत में अहम योगदान दिया। दूसरी पारी में 55 रन बनाने वाले बावुमा ने कहा, 'मैं हमेशा अपने रक्षात्मक खेल का समर्थन करता हूं। मुझे लगता है कि मेरा खेल इतना सरल है। मैं अपने डिफेंस के इर्द-गिर्द खेलने की कोशिश करता हूं।'

### बीजेकेसी प्लेऑफ में नीदरलैंड ने भारत को 3-0 से हराया

**बेंगलुरु:** भारत का बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) प्ले ऑफ में अभियान पूरी तरह निराशाजनक रहा जिसमें नीदरलैंड ने रविवार को मेजबान टीम को ग्रुप जी में 3-0 से करारी शिकस्त दी। पहले एकल में भारतीय खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदीपती को अनौक कोवरमैन्स से 2-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। फिर सहजा यमलापल्ली दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस से हार गईं। नीदरलैंड की खिलाड़ी ने एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। बाद में युगल में अंकिता रैना और प्रार्थना थोंबरे को महज 69 मिनट में लामेंस और डेमी शुर से 1-6, 1-6 से पराजय मिली। भारत और नीदरलैंड दोनों अपने-अपने पिछले मैच में स्लोवेनिया से हार गए थे। अब दोनों अगले साल अपने-अपने क्षेत्रीय मुकाबलों में वापसी करेंगे। स्लोवेनिया 2026 क्वालीफायर में पहुंच गया है।

## शुभमन गिल को अस्पताल से छुट्टी मिली



**कोलकाता:** भारतीय कप्तान शुभमन गिल को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई जहां गर्दन में लगी चोट के लिए उनका इलाज चल रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान गिल की गर्दन में चोट लग गई थी। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष सौरव गांगुली रविवार को वुडलैंड्स मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में गिल से मिलने गए। भारत को ईडन गार्डन्स की चुनौतीपूर्ण पिच पर 30 रन से हार का सामना करना पड़ा और दो मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका ने 1-0 की बढ़त बना ली। खेल के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोटिल हुए गिल तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले ही पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। गिल दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे जिसमें भारतीय टीम 93 रन पर आउट हो गई। हालांकि टीम प्रबंधन ने 22 नवंबर से गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे मैच में उनके खेलने पर अभी फैसला नहीं किया है। टीम मंगलवार को गुवाहाटी के लिए रवाना होगी। इस बीच गांगुली ने कहा कि ईडन की पिच 'सर्वश्रेष्ठ टेस्ट विकेट' नहीं थी लेकिन भारत को 124 रन का लक्ष्य हासिल कर लेना चाहिए था। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'इसमें कोई विवाद ही नहीं है। यह सर्वश्रेष्ठ टेस्ट विकेट नहीं था, लेकिन दुर्भाग्य से भारत हार गया। उन्हें फिर भी 120 रन बनाने चाहिए थे। यह सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पिच नहीं थी। गंभीर ने कहा कि उन्हें ऐसी पिच चाहिए थी और उन्होंने खुद क्यूरेटर को निर्देश दिए थे। ' गांगुली ने कहा, 'यह सच है कि निर्देश दिए गए थे और मैं वही दोहराऊंगा जो मैंने पहले कहा था।

### भारत के धनुष ने डेफलिम्पिक्स में एयर राइफल में स्वर्ण जीता, मुर्तजा को रजत

**नयी दिल्ली:** निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने रविवार को तोक्यो में डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए खाता खोला। 23 वर्षीय श्रीकांत ने 2022 में ब्राजील में 19 साल की उम्र में बधिर ओलंपिक में पदार्पण किया था और दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 252.2 का फाइनल विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। हमवतन मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने फाइनल में 250.1 अंक से रजत जबकि दक्षिण कोरिया के बाएक सेउंगक ने 223.6 अंक से कांस्य पदक जीता। फाइनल में धनुष ने बधिर ओलंपिक और बधिर ओलंपिक फाइनल विश्व रिकॉर्ड दोनों को तोड़ते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल बधिर ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2022 में उन्होंने व्यक्तिगत और मिश्रित टीम दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे। धनुष सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में माहित संधू के साथ जोड़ी बनाकर अपने करियर का चौथा स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखेंगे।

### ऐसा नहीं है कि पिच खेलने लायक नहीं थी,यह बिल्कुल वैसी ही थी जैसी हमने मांगी थी: गंभीर



**कोलकाता:** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को ईडन गार्डन्स की मुश्किल पिच का पुरजोर बचाव करते हुए कहा कि यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जैसी उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट से पहले चाहिए थी। भारतीय टीम जीत के लिए 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 93 रनों पर आउट हो गयी और उसे 30 रन से हार का सामना करना पड़ा। गंभीर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''ऐसा नहीं है कि यह खेलने लायक नहीं थी। यह (पिच) बिल्कुल वैसी ही थी जैसी हमने मांगी थी और हमें यही मिला। यहां के क्यूरेटर (सुजन मुखर्जी) बहुत सहयोगी रहे। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा विकेट है जो आपकी मानसिक दृढ़ता का आकलन कर सकती है क्योंकि अच्छे डिफेंस के साथ खेलने वालों ने रन बनाए हैं।''

## गायकवाड़ का अर्धशतक, भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका ए को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम की



**राजकोट:** भारत ए की टीम ने निशांत सिंधु और हर्षित राणा के मिलकर सात विकेट झटकने के बाद रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत ए ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। तेज गेंदबाज राणा (21 रन पर तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर सिंधु (16 रन पर चार विकेट) की बदौलत भारत ने मेहमान टीम को 20.3 ओवर में 132 रन पर समेटने के बाद 27.5 ओवर में एक विकेट पर 135 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा (22 गेंद में 32 रन) ने आक्रामक पारी खेली और गायकवाड़ (नाबाद 68 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए केवल 8.1 ओवर में 53 रन जोड़ दिए। लेकिन अभिषेक तेज गेंदबाज लुथो सिपामला की गेंद पर लुहान ड्रे प्रिटोरियस को कैच थमाकर आउट हो गए जिससे दक्षिण अफ्रीका को थोड़ी राहत मिली। लेकिन गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा (नाबाद 29) ने संयम से खेलते हुए बाकी बचे रन बनाए। गायकवाड़ ने ऑफ स्पिनर प्रेनेलन सुब्रयन की गेंद पर चौका लगाकर जीत दिलाइ। इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज राणा की तेज गति और सिंधु की चतुराई के आगे कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। इन दोनों गेंदबाजों ने सात विकेट साझा किए।

### हमें इस लक्ष्य को हासिल करना चाहिए था: पंत

**कोलकाता:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रन का पीछा नहीं कर पाने पर अफसोस जताते हुए उप कप्तान ऋषभ पंत ने रविवार को कहा कि बल्लेबाजों को ईडन गार्डन्स की मुश्किल पिच पर खेलने की चुनौती के अनुकूल ढल जाना चाहिए था। भारतीय टीम दूसरी पारी में 93 रन पर ढेर हो गई जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 30 रन की जीत से दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। चोटिल होने के कारण नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आए पंत ने कहा 'इस तरह के मैच के बाद आप इसके बारे में ज्यादा सोचते हुए नहीं रह सकते।



### आधी भारतीय कंपनियां एआई पर निर्भर, लेकिन बजट अभी भी कम



**नयी दिल्ली:** ईवाई-सीआईआई की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग आधी भारतीय कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सक्रिय रूप से तैनाती कर रही हैं। इनमें से 47 प्रतिशत ने बताया कि अब उत्पादन में कई तरह से जनरेटिव एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट में पाया गया कि एआई की संभावनाओं में दृढ़ विश्वास के बावजूद इनमें निवेश का स्तर कम बना हुआ है। करीब 95 प्रतिशत कंपनियों का एआई और एमएल (मशीन लर्निंग) बजट, उनके कुल आईटी खर्च के 20 प्रतिशत से कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'लगभग आधे भारतीय उद्यमों (47 प्रतिशत) के पास अब जनरेटिव एआई (जेनएआई) के उपयोग के कई मामले मौजूद हैं, जबकि 23 प्रतिशत शुरुआती चरण में हैं।' भारतीय उद्योग एआई को अपने मुख्य व्यावसायिक कार्यक्रमों में शामिल करके मजबूत आत्मविश्वास दिखा रहे हैं। करीब 76 प्रतिशत उद्यमियों का मानना है कि जेनएआई का महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रभाव होगा, और 63 प्रतिशत इसका प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। ईवाई-सीआईआई की रिपोर्ट 'द एआईडिया ऑफ इंडिया: आउटलुक 2026' 20 से अधिक उद्योगों में फैले 200 भारतीय संगठनों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इनमें सरकारी निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्टार्टअप, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) और बहुराष्ट्रीय निगमों की भारतीय शाखाएं शामिल हैं। एआई और मशीन लर्निंग को लेकर बढ़ते आशावाद के बावजूद इन पर खर्च अपेक्षाकृत सीमित बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक 95 प्रतिशत से ज्यादा संगठन अपने आईटी बजट का 20 प्रतिशत से भी कम एआई पर खर्च करते हैं। इससे पता चलता है कि एआई की क्षमता में अत्यधिक भरोसे के बावजूद ज्यादातर कंपनियां इस पर निवेश करने में सावधानी बरत रही हैं।

# भारत का कोयला आयात सितंबर में 13.54 प्रतिशत बढ़कर 2.20 करोड़ टन के पार



**नयी दिल्ली:** त्योहारी सीजन से पहले शुष्क ईंधन की बढ़ती मांग के कारण सितंबर में देश का कोयला आयात 13.54 प्रतिशत बढ़कर 2.20 करोड़ टन पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में कोयला आयात 1.94 करोड़ टन कोयले रहा था। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.39 करोड़ टन रहा, जो सितंबर, 2024 के 1.32 करोड़ टन के आंकड़े से थोड़ा अधिक है। इस्पात क्षेत्र के लिए आवश्यक कोकिंग कोयले का आयात एक साल पहले के 33.9 लाख टन की तुलना में बढ़कर 45 लाख टन हो गया। एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर, 2025 की अवधि के लिए, गैर-कोकिंग कोयले का आयात पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 9.19 करोड़ टन से घटकर 8.60 करोड़ टन रह गया, जबकि कोकिंग कोयले का आयात 2.81 करोड़ टन से बढ़कर 3.15 करोड़ टन हो गया। एमजंक्शन सर्विसेज एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है और टाटा स्टील तथा सेल का एक संयुक्त उद्यम है। इस रुझान पर टिप्पणी करते हुए, एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, 'त्योहारों के मौसम से पहले खरीदारों द्वारा खरीदारी बढ़ाने के कारण मात्रा में वृद्धि हुई है। इस्पात मिलों की ओर से सर्दियों में पुनः भंडारण की मांग से आगे चलकर कोकिंग कोयले के आयात में तेजी आने की उम्मीद है।' क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि धातुकर्म और औद्योगिक कोयले की मांग में मजबूती, विशेष रूप से इस्पात मिलों से, इस वर्ष बिजली क्षेत्र की खरीद में मौसमी कमजोरी को कम कर देगी।

## न्यूज अपडेट

### यामाहा मोटर इंडिया को इस साल भारत से निर्यात में 25 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**मुंबई:** जापानी दोपहिया वाहन कंपनी यामाहा को उम्मीद है कि इस साल भारत से उसका निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ेगा और वह अपने चेन्नई कारखाने को वैश्विक बाजार, खासकर विकसित देशों के लिए निर्यात केंद्र बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी और यामाहा मोटर इंडिया समूह के चेयरमैन इटारू ओटानी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी भारत से लगभग 55 देशों को निर्यात करती है। कंपनी भारत से निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तलाश करेगी।

### भारत, ईएईयू ने प्रस्तावित व्यापार समझौते के मसौदे की समीक्षा की

**नयी दिल्ली:** भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन आर्थिक आयोग ने वस्तुओं के क्षेत्र में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के मसौदे की समीक्षा की। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। इस वर्ष 20 अगस्त को भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह यूरेशियन आर्थिक आयोग के व्यापार प्रभारी मंत्री आंद्रे स्लेपनेव और रूसी उद्योग एवं व्यापार उप मंत्री मिखाइल युरिन के साथ वार्ता करने के लिए मास्को का दौरा किया था। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को कहा, मंत्री स्लेपनेव के साथ बैठक में वाणिज्य सचिव ने वस्तुओं के क्षेत्र में भारत-ईएईयू एफटीए के लिए अगले कदमों की समीक्षा की। 20 अगस्त 2025 को हस्ताक्षरित संदर्भ की शर्तें एमएसएमई, किसानों और मछुआरों सहित भारतीय व्यवसायों के लिए बाजारों में विविधता लाने के उद्देश्य से 18 महीने की कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करती हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने 4680 भारत सेल वाहनों का परीक्षण शुरू किया

**नयी दिल्ली:** ओला इलेक्ट्रिक ने देशभर में स्थित अपने प्रमुख स्टोरों पर 4680 भारत सेल वाहनों का परीक्षण शुरू कर दिया है। एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट घंटा) कंपनी द्वारा स्वदेश में निर्मित 4680 भारत सेल बैटरी पैक द्वारा संचालित पहला उत्पाद है, जो अधिक रेंज, बेहतर प्रदर्शन और बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान करता है।

### एनटीपीसी की विभिन्न स्थानों पर 700 से 1,600 मेगावाट की परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं लगाने की योजना

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर 700 मेगावाट, 1,000 मेगावाट और 1,600 मेगावाट क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनटीपीसी का लक्ष्य 2047 तक भारत की प्रस्तावित 100 गीगावाट परमाणु क्षमता में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी (30 गीगावाट) हासिल करना है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, एक गीगावाट क्षमता वाले परमाणु संयंत्र के लिए 15,000-20,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है और आमतौर पर इसकी शुरुआत से इसे चालू करने तक में तीन साल का समय लगता है। कंपनी की परमाणु विस्तार योजनाओं पर जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि एनटीपीसी वर्तमान में गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में भूमि विकल्पों का मूल्यांकन कर रही है। कंपनी की रणनीतिक योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, ''परमाणु परियोजनाओं की क्षमता क्रमशः 700 मेगावाट, 1,000 मेगावाट और 1,600 मेगावाट होगी।''एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) द्वारा चिन्हित और अनुमोदित राज्यों में परमाणु ऊर्जा विकास कार्य जारी रखेगी।

### बढ़ती लागत, मशीनीकरण की कमी की वजह से कपास की खेती से दूर हो रहे हैं महाराष्ट्र के किसान

**छत्रपति संभाजीनगर :** महाराष्ट्र में कपास की खेती पिछले चार साल में लगभग 4.59 लाख हेक्टेयर कम हो गई है क्योंकि उच्च श्रम लागत और मशीनीकरण की कमी किसानों को सोयाबीन की खेती की ओर स्थानांतरित कर रही है। एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। वर्ष 2020-21 में पूरे महाराष्ट्र में 45.45 लाख हेक्टेयर में कपास की खेती की गई, जिसका उत्पादन 101.05 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) था। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और कपास अनुसंधान केंद्र, नांदेड़ के आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 तक यह रकबा घटकर 40.86 लाख हेक्टेयर रह गया और अनुमानित उत्पादन 87.63 लाख गांठ रहा है। कपास अनुसंधान केंद्र के कृषि विज्ञानी डॉ. अरविंद पंडागले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कपास की खेती का स्थान बड़े पैमाने पर सोयाबीन ने ले लिया है। उन्होंने कहा, ''कपास की तुड़ाई हाथ से करनी पड़ती है। कपास की तुड़ाई के लिए मजदूरी 10 रुपये प्रति किलो है। बिक्री मूल्य 70 रुपये प्रति किलो से ज्यादा नहीं है। इसके अलावा, फसल पर कीटनाशकों का छिड़काव ज़रूरी है, और इसके लिए जरूरी श्रमशक्ति एक बड़ा और महंगा हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, ''कपास उगाने की लागत बढ़ रही है, यही वजह है कि महाराष्ट्र में कपास की खेती का रकबा घट रहा है।''

### एच-1बी वीजा पर अमेरिका के नए नियम 'अस्थायी झटका' : नायडू



**विशाखापत्तनम:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि अमेरिका में एच-1बी वीजा व्यवस्था में हाल ही में की गई सख्ती एक अस्थायी झटका है और भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को मिलने वाला लागत लाभ उन्हें जरूर आकर्षित करेगा। नायडू को दो दशक पहले हैदराबाद को एक साइबर केंद्र के रूप में विकसित करने का दृष्टिकोण रखने का श्रेय दिया जाता है। उस समय ज्यादातर लोगों को प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मौजूद विशाल अवसरों की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों की विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में उच्च मांग बनी हुई है क्योंकि वे उन्नत कौशल और लागत लाभ का एक मजबूत मिश्रण प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से एच-1बी वीजा पर अमेरिका जाने वाले सबसे ज्यादा भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एच-1बी वीजा कार्यक्रम में व्यापक बदलाव किया है। यह कार्यक्रम अमेरिकी नियोक्ताओं को विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। इसके लिए उन्होंने 21 सितंबर, 2025 या उसके बाद दायर की जाने वाली नए वीजा आवेदनों पर एक लाख अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय लिया है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज दूसरी छमाही में 22,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां बिक्री के लिए पेश करेगी




**नयी दिल्ली:** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज मजबूत उपभोक्ता मांग का लाभ उठाने के लिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में करीब 22,000 करोड़ रुपये मूल्य की आवासीय इकाइयां बिक्री के लिए पेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि कंपनी ने अनुमान लगाया है कि वह वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 40,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां पेश करेगी और लगभग 32,500 करोड़ रुपये मूल्य की इकाइयां बेचेगी। उन्होंने कहा, ''हमने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान 18,600 करोड़ रुपये की संपत्तियां पेश की हैं। हमारी बिक्री बुकिंग लगभग 15,600 करोड़ रुपये की रही। मूलतः हमने पेशकश मार्गदर्शन का 47 प्रतिशत और बुकिंग मूल्य लक्ष्य का 48 प्रतिशत हासिल किया। और आमतौर पर दोनों ही दूसरी छमाही पर केंद्रित होते हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि हम इन दोनों संख्याओं को पूरा करने या उससे आगे निकलने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।'' पिरोजशा ने कहा कि मुंबई के वर्ली में उनकी आवासीय परियोजना का शुभारंभ हो रहा है और मार्च के अंत तक बांद्रा में भी एक नई परियोजना शुरू होने की उम्मीद है।

### विझिंजम बंदरगाह तेजी से विश्वस्तरीय ढुलाई केंद्र के रूप में उभर रहा: एवीपीपीएल अधिकारी

**तिरुवनंतपुरम:** विझिंजम बंदरगाह तेजी से विश्वस्तरीय ढुलाई केंद्र के रूप में उभर रहा है और विदेशी बंदरगाहों पर होने वाली भारतीय माल ढुलाई को स्वदेश लाने का काम कर रहा है। अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) के एक अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विझिंजम बंदरगाह अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के बाद जहाज और नौवहन लागत में बचत करेगा। एवीपीपीएल के एक प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'विझिंजम परियोजना का मुख्य उद्देश्य सिंगापुर, कोलंबो, सलालाह और दुबई जैसे विदेशी बंदरगाहों पर इस समय की जा रही भारतीय माल ढुलाई को वापस स्वदेश लाना है।' विझिंजम बंदरगाह देश के लिए ढुलाई व्यवसाय का एक विश्वस्तरीय केंद्र बनने की क्षमता रखता है। यह बंदरगाह मौजूदा रेल और सड़क नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। यह सलेम और कन्याकुमारी को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 47 परियोजना से दो किलोमीटर दूर है। इस बंदरगाह को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला राष्ट्रीय रेल नेटवर्क 12 किमी की दूरी पर है और त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बंदरगाह से 15 किमी दूर है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3415 अंक 225, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in